अधिकतम : $34^{0}$ C
न्यूनतम : $21^{0}$ C

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

लखनऊ, रविवार 7 जून 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 210 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 20 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सीबीएसई में अनियमितताएं धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का प्रमाण: कांग्रेस पेज 2



प्रज्ञानंद ने आखिरी राउंड में नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता खेल टाइम्स



अमेरिका-ईरान फिर सैन्य टकराव के बेहद करीब पेज11



AI के सबसे अच्छे 5 कोर्स: नहीं होगी नौकरी की दिक्कत करियर

# श्रेयस अय्यर टी-20 के नए कप्तान, वैभव सूर्यवंशी की टीम में एंट्री

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी दौरों (जून-जुलाई) और सितम्बर से जापान में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए श्रेयस अय्यर को राष्ट्रीय टी-20 टीम का नया कप्तान बनाया है।

राष्ट्रीय टीम चयनकर्ताओं युवा आतिशी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया है। तिलक वर्मा भारतीय टीम के उपकप्तान होंगे। इसके अलावा 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें तीनों टीमों जगह मिली है। टीम में हर्षित राणा की भी वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार इस साल फरवरी की शुरुआत में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला है। सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह भी नहीं मिली है। वहीं, घरेलू मैदान पर विश्वकप के दौरान नौ पारियों में 136.72 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाने वाले 35 साल के सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया। आईपीएल 2026 में भी उन्होंने मुम्बई इंडियंस के लिए 13 पारियों में 270 रन बनाए थे। बीसीसीआई ने टीम के नेतृत्व में यह बदलाव लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक और उसी साल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए एक नई टी-20 टीम तैयार करने को लिए किया हैं। इस सीजन में पंजाब किंग्स के साथ प्लेऑफ में जगह बनाने से मामूली अंतर से चूकने के बावजूद, अय्यर ने 14 मैचों में शानदार 498 रन बनाए। इसमें उनका पहला आईपीएल शतक भी शामिल



था। अय्यर भारतीय पुरुष टी-20 क्रिकेट टीम के इतिहास में 15वें कप्तान होंगे। भारत अपने दौरे की शुरुआत आयरलैंड के खिलाफ बेलफास्ट में 26 और 28 जून को दो टी-20 मैचों से करेगा, जिसके बाद टीम एक से 11 जुलाई तक इंग्लैंड में पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। एशियाई खेलों में पुरुषों का क्रिकेट टूर्नामेंट 24 सितम्बर से शुरू होगा और 13 अक्टूबर को पदक मैचों के साथ खत्म होगा।



**बीसीसीआई ने तीन प्रतियोगिताओं के लिए किया टीम का ऐलान**

### आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम:

**श्रेयस अय्यर ( कप्तान )**, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टी -20 टीम:

**श्रेयस अय्यर ( कप्तान )**, तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, ईशान किशन, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### एशियाई गेम्स के लिए भारतीय टीम:

**श्रेयस अय्यर ( कप्तान )**, तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती और वैभव सूर्यवंशी।

## खाद्य तेलों के मानक पैक आकार तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए मूल्य तुलना को आसान बनाने, बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने तथा पैकेजिंग में एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य तेलों और वसा की पैकेजिंग तथा शुद्ध मात्रा निर्धारण से संबंधित एसओपी में संशोधन किया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बताया कि खाद्य तेल उद्योग के प्रमुख संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है। विभाग का कहना है कि बाजार में अलग-अलग आकार के पैकेटों की बढ़ती संख्या के कारण उपभोक्ताओं को विभिन्न ब्रांडों की कीमतों और मात्रा की तुलना करने में कठिनाई होती है इसलिए नई व्यवस्था से खाद्य तेलों की पैकेजिंग में एकरूपता आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिरला आठ को करेंगे राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा में द्वितीय राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-दो (उत्तर जोन) के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे जिसमें विभिन्न विधानसभाओं, विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारी, सांसद, विधायक, केंद्रीय मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति हिस्सा लेंगे। लोकसभा सचिवालय की सूचना के अनुसार सम्मेलन का विषय 'भविष्य की चुनौतियों से निपटने और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में जागरूक समाज और विधि-निर्माताओं की भूमिका' रखा गया है।

### पंचायती राज मंत्रालय कल जारी करेगा रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय आठ जून को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राज्य वित्त आयोगों की डेटासेट पर गठित समिति की रिपोर्ट सोमवार को जारी करेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डा. वी. अनंत नागेश्वरन, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के एसोसिएट प्रोफेसर डा. मनीष गुप्ता के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों और अनुसंधान संस्थानों एवं नीति निकायों के विशेष प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह रिपोर्ट जारी करेंगे।

### विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक आठ जून को

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक आठ जून को होगी, जिसमें नीट परीक्षा से जुड़े विवाद, शिक्षा व्यवस्था, महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि, चुनाव से जुड़े मुद्दों तथा संसद के मानसून सत्र के लिए साझा रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। कांग्रेस की पहल पर हो रही इस बैठक को विपक्षी दलों के बीच समन्वय मजबूत करने की कोशिश बताया जा रहा है। बैठक सोमवार आठ जून को यहां कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में होगी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) ने बैठक में शामिल नहीं होने की घोषणा की है। आम आदमी पार्टी पहले ही इंडिया गठबंधन से दूरी बना चुकी है।

### एनसीआर में वायु प्रदूषण नियमों के उल्लंघन के 87 केस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधान आयोग (सीएक्यूएम) की प्रवर्तन कार्यबल (ईटीएफ) ने 11 से 29 मई के बीच 245 निरीक्षण किए, जिनमें वायु प्रदूषण संबंधी नियमों के उल्लंघन के 87 मामले सामने आए। आयोग की 132वीं ईटीएफ बैठक में समीक्षा के दौरान बताया कि 19 दिनों की अवधि में निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) स्थलों पर 31, औद्योगिक इकाइयों में 74 तथा डीजल जनरेटर (डीजी) सेटों से संबंधित 140 निरीक्षण किए गए।

# कॉकरोच पार्टी का 5 घंटे प्रदर्शन

## सीजेपी के फाउंडर दीपके ने शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा, शनिवार को फिर जंतर-मंतर पर जुटेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**दीपके ने कहा: मंत्री के इस्तीफे के लिए 5 दिन का समय, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा**

**प्रदर्शन में शामिल हुए सोनम वांगचुक, 1000+ पुलिसकर्मी, बार्डर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही**

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, (सीजेपी) ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा था कि इस्तीफे के लिए 5 दिन तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा।

अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे। सीजेपी को जंतर-मंतर पर शनिवार शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन दोपहर 3.30 बजे अभिजीत की तबीयत खराब हो जाने के बाद यह समाप्त हो गया। इसके बाद में सोनम वांगचुक के साथ धरनास्थल से रवाना हो गए। अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की आटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे। अभिजीत दीपके सुबह 7.30 बजे अमेरिका से दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे डेढ़ घंटे बाद बाहर निकले। सुबह 9.30 बजे अभिजीत सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए। हाथ अंबेडकर की आटो बायोग्राफी थी। सुबह 10.00 बजे -शेष पृष्ठ दो पर





### कॉकरोच जनता पार्टी परेशान लोगों की आवाज: अभिजीत दीपके

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की कोख से हाल में जन्मी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवर्तक अभिजीत दीपके ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी पूर्व-नियोजित राजनीतिक रणनीति की उपज नहीं, बल्कि वह सरकार से नाराज लोगों की आवाज बनकर उभरी है और कुछ ही दिनों में लाखों लोग उससे जुड़ चुके हैं। श्री दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा ने जनता को हिंदू-मुस्लिम मुद्दों में उलझाकर रखा है, जबकि असली सवाल रोजगार, आजीविका और आम लोगों की समस्याओं का है। उन्होंने कहा कि पिछले पिछले 10-12 वर्षों से हमें हिन्दू-मुस्लिम में उलझाकर रखा गया। क्या हिंदू-मुस्लिम से नौकरियां मिल रही हैं? क्या हिंदू-मुस्लिम की राजनीति से लोगों के घर अच्छी तरह से चल रहे हैं?

# आर्थिक सलाहकार परिषद ने किया आर्थिक हालात पर गहन विचार विमर्श

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीएम मोदी ने की बैठक की अध्यक्षता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पश्चिम एशिया के संकट से घरेलू अर्थव्यस्था पर पड़ रहे प्रभावों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। देश में आर्थिक बदलाव और लंबे समय के विकास की प्राथमिकताओं से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही, सुधारों की प्रक्रिया को और गति देने तथा 'ईज ऑफ़ लिविंग' (जीवन को सुगम बनाने) और 'ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस' (कारोबार की सुगमता) को सुनिश्चित करने पर अपने विचार साझा किए। बैठक में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और नीति विशेषज्ञों ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव और उसके भारतीय अर्थव्यवस्था



तथा आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ने वाले प्रभावों पर विशेष रूप से चर्चा की। इसके अलावा वैश्विम ऊर्जा आपूर्ति में अनिश्चितता, महंगाई और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा जैसे मुद्दों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश में आर्थिक वृद्धि को गति देना और व्यापक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना था। सरकार ने शुक्रवार को ही देश में विदेशी पूंजी का प्रावह बढ़ाने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के निवेश पर लागू कर व्यवस्था में बड़ा सुधार लागू किया।

# मानसून महाराष्ट्र-आंध्र तक पहुंचा, दो दिन में 7 राज्यों में एंट्री

नई दिल्ली, वार्ता

**मप्र-छत्तीसगढ़ में देर से पहुंचेगा, राजस्थान में आंधी**

**तीन दिन** की देरी के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार को यह आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में एंट्री की थी।

देश में मानसून 4 जून को केरलम पहुंचा था। आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है।

# अन्नामलाई के आंदोलन से 10 लाख लोग जुड़े

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने अपने आंदोलन 'इधु नम्मा इयक्कम' को शुरुआत में ही बड़ा जनसमर्थन मिलने का दावा किया गया है।

अन्नामलाई के अनुसार, आंदोलन शुरू होने के 10 घंटे के भीतर 10 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अन्नामलाई ने इसे लोगों का आंदोलन बताते हुए कहा कि यह राज्य के भविष्य को लेकर साझा सोच और मिशन का प्रतीक है। उनका कहना है कि पहले इस आंदोलन को खड़ा



**शुरुआती 10 घंटों के अंदर रजिस्ट्रेशन, समर्थन में तमिलनाडु भाजपा उपाध्यक्ष का इस्तीफा**

किया जाएगा, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा और बाद में इसे राजनीतिक पार्टी में बदला जाएगा। अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसकी चिट्ठी शुक्रवार को सामने आई। अन्नामलाई के समर्थन में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष करु नागराजन ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैंने और कई भाजपा नेताओं ने अन्नामलाई का समर्थन करने का फैसला किया है। अन्नामलाई 5 जून की रात दिल्ली से चेन्नई पहुंचे।

# कॉकरोच जनता पार्टी ने युवाओं को किया आकर्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के जरिये सामने आई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से नीट-पेपर लीक को लेकर शनिवार को जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में सैकड़ों की तादाद में लोग इकट्ठा हुए। हाथ में पोस्टर-पर्चे लिए कुछ लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की, तो कुछ ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को खत्म करने की मांग की।

जंतर-मंतर दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों का केंद्र है। सरकार की नीतियों के प्रति




अपनी नाराजगी व्यक्त करने के लिए हर शख्स एवं समूह इसकी ओर रुख करता है, हालांकि सीजेपी का यह प्रदर्शन खास था। यहां सिर्फ समाज के वरिष्ठ प्रतिभागी ही नहीं, बल्कि किशोर, यहां तक की स्कूली बच्चे भी मौजूद रहे। ऐसे ही एक छात्र समर्थ अपने जीवन के पहले विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने जंतर-मंतर पहुंचे। 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले समर्थ की उम्र सिर्फ 17 वर्ष है, लेकिन जब उसे यह पता चला कि

**अपने जीवन के पहले प्रदर्शन में हजारों की तादाद में जंतर-मंतर पहुंचे नौजवान**

यह विरोध प्रदर्शन शिक्षा के मुद्दे पर आयोजित हो रहा है, तो उसने अपनी मां से जिद की कि वह जंतर-मंतर जाना चाहते हैं। उसकी यह जिद मान ली गई। समर्थन ने इस प्रदर्शन में शामिल होने के अनुभव पर कहा कि यह मेरे जीवन का पहला विरोध प्रदर्शन है। सालों से बहुत से ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे गुस्सा आता है।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर ने टीईटी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका की दायर

**नई दिल्ली।/श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है। केंद्र शासित प्रदेश की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कहा कि सरकार ने इस मामले को लगातार आगे बढ़ाया है और उच्चतम न्यायालय के फैसले से प्रभावित शिक्षकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुश्री इटू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिबद्धता के अनुसार समीक्षा याचिका उच्चतम न्यायालय में दायर की जा चुकी है। सरकार ने इस मामले को लगातार आगे बढ़ाया है और हम शिक्षकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत द्वारा मई के अंतिम सप्ताह में उसके 2025 के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं को खारिज करने के बाद सामने आया है, जिसमें शिक्षा का अधिकार अधि. नियम, 2009 के लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीईटी को अनिवार्य कर दिया गया था।

### जयंत ने बच्चों के लिए शिशु सदन केंद्र का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** समावेशी, करुणामय और जन-केंद्रित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा कदम उठाते हुए केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी मंत्रालय के कर्मचारियों के बच्चों के लिए कौशल भवन में शिशु सदन केंद्र का उद्घाटन किया। एमएसडीई मुख्यालय में लगभग 600 वर्ग मीटर में फैला यह नया शिशु सदन बच्चों के लिए एक स्वागतपूर्ण, सुरक्षित और शैक्षिक वातावरण प्रदान करेगा।

# सीबीएसई में अनियमितताएं धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का प्रमाण: जयराम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा है कि सीबीएसई की परीक्षा, ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं से साबित हो गया है कि प्रधान सक्षम नहीं है और उनकी अक्षमता सबके सामने अब उजागर हो गई है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि शिक्षा मंत्रालय से जुड़े मामलों की परतें लगातार खुल रही हैं। सीबीएसई के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल के लिए चयनित कंपनी सीओईएमपीटी ने साइबर सुरक्षा संबंधी जिन प्रमाणपत्रों को निविदा प्रक्रिया में प्रस्तुत किया था, उनमें गंभीर खामियां थीं। उनका कहना था कि एक प्रमाणपत्र किसी अन्य ग्राहक से संबंधित था और उसकी वैधता समाप्त हो चुकी थी, जबकि दूसरा केवल अस्थाई एप्लिकेशन के ऑडिट पर आधारित था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इन तथ्यों के बावजूद सीबीएसई ने कंपनी को ऊंची दरों पर ठेका प्रदान किया। पार्टी का कहना है कि फरवरी 2025 में कुछ एथिकल हैकर्स ने पोर्टल की साइबर सुरक्षा में गंभीर कमियों की ओर ध्यान दिलाया था, लेकिन सीबीएसई ने लंबे समय तक इन तथ्यों को स्वीकार नहीं किया।

### कांग्रेस का दलित-अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अनुसूचित जाति, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई व्यापक स्तर पर लड़ने का फैसला करते हुए कहा है कि इसके तहत 20 जुलाई को यहां जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने शनिवार को दोनों विभागों के कार्यकर्ताओं की यहां दिनभर चली बैठक के बाद संयुक्त सम्मेलन में कहा कि देश में दलितों, आदिवा. सियों, अल्पसंख्यकों और अतिपिछड़े वर्गों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है और उनके उत्पीड़न की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं, जिन्हें देखते हुए दोनों विभाग मिलकर देशव्यापी अभियान चलाएंगे।

# भाजपा में राजनीतिक विरासत की मची होड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ कई वरिष्ठ नेताओं की चाहत, उनके बच्चे सियासत में सक्रिय हों, परिवार की राजनीतिक जमीन को आगे बढ़ाएं**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव करीब आते ही भारतीय जनता पार्टी के भीतर 'विरासत की राजनीति' फिर चर्चा में है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की चाहत है कि उनके बच्चे सियासत में सक्रिय हों और परिवार की राजनीतिक जमीन को आगे बढ़ाएं। टिकट को लेकर अभी कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है, लेकिन इन नेताओं के बेटे-बेटियों ने जमीनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़ी उपस्थिति, जनता से सीधा संवाद और सोशल मीडिया पर सक्रियता से साफ है कि वे मैदान में उतरने के लिए कमर कस चुके हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बड़े बेटे पंकज सिंह पहले से विधायक हैं। अब छोटे बेटे नीरज सिंह भी राजनीतिक गलियारों में तेजी से सक्रिय हुए हैं। पिछले कई सालों से नीरज लखनऊ में पिता की अनुपस्थिति में पार्टी कार्यक्रमों और सार्वजनिक मंचों पर प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक भाजपा उन्हें लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट से उतार सकती है, या फिर संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। यूके की लीड्स यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट नीरज सोशल मीडिया पर खासे सक्रिय हैं और युवाओं के बीच उनकी पकड़ भी मजबूत मानी जाती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव सिन्हा भी चुनावी दौड़ में हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उनके नाम की चर्चा थी, लेकिन टिकट नहीं मिला। इस बार गाजीपुर सदर से उन्हें मौका मिलने की संभावना ज्यादा बताई जा रही है। अभिनव जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वच्छता अभियान और पार्टी बैठकों में लगातार नजर आ रहे हैं। गाजीपुर सदर सीट 2022 में भाजपा से संगीता बलवंत ने लड़ी थी, जो अब राज्यसभा पहुंच चुकी हैं। ऐसे में नए चेहरे की तलाश में अभिनव का नाम सबसे ऊपर है। फिलहाल यह सीट सपा विधायक जय किशन साहू के पास है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के बेटे करण महाना भी सक्रिय हुए हैं। बिजनेसमैन और भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य करण ने पिता के क्षेत्र महाराजपुर में हाल में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। इसी तरह झारखंड के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार को भी टिकट मिल सकता है। 2024 लोकसभा में उनका नाम चला था, लेकिन टिकट नहीं मिला। अब बरेली की बहेड़ी सीट खाली होने से समीकरण उनके पक्ष में दिख रहे हैं।

छत्रपाल गंगवार के लोकसभा पहुंचने के बाद भाजपा को यहां नए चेहरे की जरूरत है। मुस्लिम और कुर्मी बहुल बहेड़ी में श्रुति की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। पूर्व भाजपा विधायक बृज भूषण शरण सिंह की बेटी शालिनी सिंह नोएडा में सक्रिय हैं। सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार से मुलाकात और सामाजिक मंचों पर मुखरता से वे चर्चा में आईं। नोएडा सिटीजन फोरम की कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी वकील, लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

## उप्र में सरकारों के नतमस्तक हो जाने का दौर अब खत्म: मुख्यमंत्री

# योगी का दंगाइयों और उपद्रवियों को अल्टीमेटम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ कहा: किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो, उसका वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा**

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में अब वह दौर नहीं रहा, जब दंगाइयों और उपद्र. वियों के सामने सरकारें नतमस्तक हो जाती थीं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी पर्व, उत्सव या धार्मिक आयोजन में बाधा डालने का प्रयास करेगा तो उसका ष्वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को गोंडा जिले के कटरा और करनैलगंज विधानसभा क्षेत्रों में कुल 516 करोड़ रुपये की 262 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कटरा विधानसभा क्षेत्र में 256 करोड़ रुपये तथा करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में 260 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब रामभक्तों को ही अयोध्या जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले रामभक्त अपने प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या नहीं जा पाते थे। आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है और अब अयोध्या में रामभक्त ही जा सकते हैं, रामद्रोही नहीं।ष मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा के युवा ऊर्जावान, किसान मेहनती तथा महिलाएं प्रतिभाशाली हैं, लेकिन लंबे समय तक तुष्टिकरण, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और अराजकता की राजनीति के कारण जनपद अपेक्षित विकास से वंचित रहा। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के सभी 75 जिलों, तहसीलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायतों तक बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ कार्य कर रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के समर्थन से प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, सड़क, पुल और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार इसी जनसमर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब आपने कमल का बटन दबाया, तो मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मिला।

### योगी ने मां पाटेश्वरी के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

**बलरामपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बलरामपुर पहुंचे थे। विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद उन्होंने मां पाटेश्वरी मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम किया।

# यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में तीन कंपनियों का भूमि आवंटन रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्रएक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलीगढ़ फेज-1 डिफेंस नोड में भूमि आवंटित तीन कंपनियों के आवंटन रद्द कर दिए हैं। यह कार्रवाई कंपनियों द्वारा करीब पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य और औद्योगिक गतिविधियां शुरू न करने के कारण की गई है। यूपीडा के अनुसार यह कदम राज्य सरकार की उस नीति के तहत उठाया गया है, जिसके तहत रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए आरक्षित भूमि का समयबद्ध निवेश, जवाबदेही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। प्राधिकरण ने कहा कि संबंधित कंपनियां बार-बार की गई समीक्षा और निगरानी के बावजूद अपनी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में आगे नहीं बढ़ा सकीं। अधिकारियों का कहना है कि परियोजनाओं में लंबे समय तक हुई देरी से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की संभावनाएं प्रभावित हो रही थीं। अनुपालन समीक्षा के बाद उपीडा ने लीज समझौते के प्रावधानों के तहत आवंटन निरस्त करने की प्रक्रिया पूरी की।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 155180 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 265000 | प्रति किलो |

# स्वास्थ्य को राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए: नड्डा

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

नड्डा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि तथ्यों की अनदेखी कर चुनिंदा आंकड़ों का इस्तेमाल राजनीति के लिए किया जा सकता है, लेकिन राष्ट्रहित तथ्यों पर आधारित होता है। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर 'अधूरी जानकारी' खतरनाक साबित हो सकती है। देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों को राजनीतिक बयानबाजी के बजाय तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था में हुए उल्लेखनीय सुधार को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 (2005-06) की तुलना में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, गर्भावस्था की पहली तिमाही में प्रसवपूर्व पंजीकरण का प्रतिशत 43.9 प्रतिशत से बढ़कर 76.2 प्रतिशत हो गया है। वहीं संस्थागत प्रसव 38.7 प्रतिशत से बढ़कर 90.6 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में होने वाले प्रसवों का प्रतिशत 46.6 प्रतिशत से बढ़कर 91.3 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि करोड़ों महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित होने और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों का प्रमाण हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की स्वास्थ्य यात्रा की वास्तविक कहानी निराशा नहीं, बल्कि निरंतर प्रगति और सुधार की कहानी है। उल्लेखनीय है कि खड़गे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर स्वास्थ्य और पोषण के मुद्दों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार न केवल महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ विश्वासघात कर रही है, बल्कि अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ों को भी दबा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के एक-तिहाई बच्चे कम वजन की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा 6 से 23 महीने की आयु के 84 प्रतिशत से अधिक बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं और चीनी में नरमी रही। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख देख गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 16 रुपये घटकर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 29 रुपये महंगा हुआ और 2,794 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 33 रुपये बढ़ गई। दाल- दलहनों में मसूर दाल औसतन 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 26 रुपये बढ़ गई। चना दला और तुअर दाल 25.25 रुपये महंगी हुई। उड़द दाल भी 23 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 44 रुपये और सोया तेल 10 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 144 रुपये और मूंगफली तेल की 91 रुपये बढ़ गई। वनस्पति 51 रुपये और सूरजमुखी तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 46 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7730.43 रुपये, मसूर काली 8109.24 रुपये, मूंग दाल 10192.53 रुपये, उड़द दाल 10847.65 रुपये, तुअर दाल 11264.38 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2793.86 रुपये और चावल 3851.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3281.74 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4351.65 रुपये और गुड़ 5088 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 18165.03 रुपये, मूंगफली तेल 18962.68 रुपये, सूरजमुखी तेल 17646.89 रुपये, सोया तेल 15147.03 रुपये, पाम ऑयल 13726.86 रुपये और वनस्पति 15159.31 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कॉकरोच पार्टी...**

अभिजीत जंतर-मंतर पहुंचे। यहां समर्थकों ने स्वागत किया और लोगों से बातचीत की। सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक दीपके ने अपने समर्थकों के बीच 5 बार छोटी-छोटी स्पीच दी। इस दौरान धमेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए गए। दोपहर 3.30 बजे दीपके की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें गाड़ी में बैठाया गया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया। वे सोनम वांगचुक के साथ रवाना हो गए। प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दिपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता एनी राजा और वामपंथी छात्र और युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष आईआईटी कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं। सीजेपी के प्रदर्शन के मद्देनजर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट, मुख्य रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और दिल्ली के बॉर्डर पॉइंट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। 1000 से ज्यादा पुलिस जवान पहले से तय पॉइंट्स पर तैनात किए गए थे। बाजारों और संवेदनशील इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई थी। अभिजीत ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी अपनी मांग पर अड़ी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने धमेंद्र को इस्तीफे के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर कॉकरोच जनता पार्टी की बात नहीं मानी जाती है, तो 13 जून को जंतर-मंतर पर दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं शिवेसना (उद्धव) के चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि युवाओं को कॉकरोच कहकर उनका अपमान करना गलत है। अब यही युवा अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं और सरकार को उनकी बात सुननी होगी। अखिलेश यादव ने सीजेपी प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा कि गुरूरमंद हुक्मरानों तक पहुंचे ये आवाज, अब नौजवानों ने भी कर दिया है इंकलाब। एनसीपी(एसपी) के महासचिव रोहित पवार ने कहा कि सीजेपी मिल रहा समर्थन यह दिखाता है कि देश के युवाओं में केंद्र सरकार की नीतियों और मुख्य परीक्षाओं में हुई कथित लापरवाही को लेकर गुस्सा बढ़ता जा रहा है। 30 साल के अभिजीत महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल, अमेरिका की बास्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशंस से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं। अभिजीत 2020 से 2022 तक आम आदमी पार्टी (आप) के सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट रहे हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अभिजीत आप के लिए वायरल मीम बेस्ड ऑनलाइन प्रचार का मटेरियल बनाते थे। किसान आंदोलन से लेकर महंगाई जैसे राजनीतिक मुद्दों पर अभिजीत एक्स अकाउंट पर केंद्र सरकार और पीएम पर निशाना साधते रहे हैं।

# सैफई में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के गो रक्षा अभियान को सपा का समर्थन

इटावा, वार्ता

**■ स्वामी गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर प्रदेश और देशव्यापी जन-जागरण यात्रा पर हैं**

गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर देशव्यापी जन-जागरण अभियान चला रहे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का शनिवार को सैफई में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया और गौ संरक्षण के मुद्दे पर समर्थन व्यक्त किया। सैफई में आयोजित कार्यक्रम में मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, बदायूं सांसद आदित्य यादव, करहल विधायक तेज प्रताप यादव सहित यादव परिवार के राजनीतिक और सामाजिक सदस्य तथा बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गो संरक्षण और गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर प्रदेश और देशव्यापी जन-जागरण यात्रा पर हैं। इस अभियान के तहत वे विभिन्न जिलों में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। हाल के दिनों में उनकी यात्रा उस समय चर्चा में आई जब कन्नौज में कथित रूप से प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर रुकने की अनुमति न मिलने के बाद उन्हें सड़क किनारे रुकना पड़ा।

इसके बाद समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने उनके प्रति समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम में डिपल यादव ने कहा कि यादव समाज परंपरागत रूप से गौ पालन और गौ सेवा से जुड़ा रहा है तथा वे शंकराचार्य के राष्ट्रमाता जन-जागरण अभियान के साथ खड़े हैं। वहीं शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि गौ माता के संरक्षण और सम्मान से जुड़ी मांगों का वह समर्थन करते हैं। उन्होंने प्रदेश की मौजूदा नीतियों पर भी टिप्पणी करते हुए जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों का उल्लेख किया। अपने संबोधन में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक विषय नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने समाज और सरकार दोनों से गोवंश संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने का आह्वान किया। साथ ही यादव समाज की गौ पालन परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि इस समुदाय ने लंबे समय से गोवंश की रक्षा और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं ने शंक. राचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन में दो सौ से अधिक श्रद्धालु और समर्थक शामिल हुए। समारोह का प्रमुख आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण की लगभग 60 फीट ऊंची प्रतिमा रही, जिसके सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। शंकराचार्य की यह यात्रा गौ रक्षा जागरण अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जारी है, जिसके माध्यम से वे गौ संरक्षण, सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जनजागरण का संदेश दे रहे हैं।

### महबूबा ने जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक स्थिति की समीक्षा की

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने शनिवार को बैठक आयोजित कर पार्टी के कामकाज और जम्मू-कश्मीर की मौजूदा राजनी. तिक स्थिति पर चर्चा की। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के शहर के बाहरी इलाके में स्थित उनके आवास पर हुई। इसमें पार्टी के लगभग सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि खिमबर में हुई बैठक में पीडीपी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सरताज मदनी, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष अब्दुल रहीम वीरी, महासचिव (संगठन) गुलाम नबी हंजूरा, मुख्य प्रवक्ता महबूब बेग एवं नईम अख्तर, श्री बशारत बुखारी, मंसूर हुसैन और यासिर रेशी सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पार्टी के तीन विधायक श्री रफीक अहमद नाइक, फैयाज अहमद मीर और वहीद पारा भी बैठक में मौजूद थे।

# अब वह नहीं होगा, जो 2017 के पहले होता था: मुख्यमंत्री



**मुख्यमंत्री योगी ने गोंडा में 516 करोड़ रुपये की 262 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि अब वह नहीं होगा, जो 2017 के पहले होता था। 2015-16 में दुर्गा पूजा में गोंडा में दंगे की चेष्टा की गई थी। तब मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन नहीं होने दिया जाता था। रामलीला में अड़चन डाली जाती थी।

त्योहार व उत्सव से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे। 2017 से पहले सत्ता में बैठे लोग दंगाइयों व पेशेवर गुंडों के सामने नतमस्तक होते थे। प्रदेश में महीनों कर्फ्यू रहता था। लेकिन, अब किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो उसका वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोंडा के कटरा विधानसभा क्षेत्र में 256 करोड़ रुपये व करनैलगंज में 260 करोड़ रुपये कुल 516 करोड़ रुपयकी 262 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा विभिन्न स्टाल्स का अवलोकन भी किया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि असुरक्षा के वातावरण में निवेश नहीं होता। 2017 से पहले राज्य में पहचान का संकट, नौजवान बेहाल, किसान परेशान, बहन-बेटियां असुरक्षित थीं। जब विकास के पिछले पायदान में हमारी गिनती होती थी तो सम्मान भी नहीं मिलता था। अब सभी 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 826 विकास खंडों, 762 नगर निकायों, लगभग 14 हजार वार्डों, 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को बिना रोक-टोक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा के युवा ऊर्जावान, बहन-बेटियां प्रतिभाशाली हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई बच्चों का अन्नप्राशन कराया और विभिन्न स्टाल्स का अवलो. कन भी किया। समारोह में कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह, विधायक विनय कुमार द्विवेदी, अजय सिंह, बावन सिंह, प्रेम नारायण पांडेय, प्रभात कुमार वर्मा, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह 'मंजू', जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र आदि मौजूद रहे।

### ...गोंडा में भी हो रहा निवेश : सीएम

**गोंडा ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब निवेश केवल नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ में नहीं हो रहा, बल्कि गोंडा में भी निवेश होने से स्थानीय नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। अभी मंच पर 20 लाभार्थियों को अलग-अलग योजनाओं का लाभ मिला। अब चेहरा नहीं देखा जाता, बल्कि हर जाति, मत-संप्रदाय के पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिल रहा है। मोदी जी के 'सबका साथ-सबका विकास' विजन के तहत सरकार बिना भेदभाव घर-घर तक विकास योजनाएं पहुंचा रही है।

### दो विधानसभा क्षेत्रों का एक साथ दौरा करेंगे

**गोंडा ।** सीएम ने श्रावस्ती की पौराणिकता का जिक्र करते हुए बताया कि वहां एयरपोर्ट निर्माण हो रहा है। जब अच्छी सरकारें आईं, तब गरीबों को रोजगार, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो पाया। हमने तय किया है कि दो विधानसभा क्षेत्रों का लगातार दौरा, कार्यों की समीक्षा, योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कर जनता को अहसास कराएंगे कि आपने अच्छे लोगों को सांसद-विधायक चुना है।

### जनपद को नई पहचान दिलाएंगे

**गोंडा ।** सीएम ने कहा कि आधुनिक उत्तर प्रदेश के आधुनिक गोंडा के रूप में जनपद को नई पहचान दिलाएंगे। 2017 में गोंडा देश के सबसे गंदे शहर के रूप में था, लेकिन आज गोंडा सबसे स्वच्छ शहरों में पहचान बना रहा है। गलत सरकार चुनते हैं तो गलत कार्य होता है और परिणाम भी गलत आता है। गोंडा अब अस्वच्छ नहीं, बल्कि विकास की रफ्तार में नई पहचान के साथ बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आदर्श योग का जागरूकता अभियान आज से शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से होंगे शामिल।उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर ने बताया कि आज व कल से 1090 चौराहे पर सुबह 6:00 बजे शंख ध्वनि के साथ योग जागरूकता अभियान की शुरुआत की जाएगी तथा सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग, वर्तमान एवं सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी एवं बड़ी संख्या में राजधानी के व्यापारी एवं बालक ,बालिकाएं योगाभ्यासी 1090 चौराहे पर योग करेंगे। अध्यक्ष संदीप सिंह गौर ने जानकारी देते हुए बताया इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के संरक्षक संजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे तथा योग करेंगे।

### सीएम कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**लखनऊ।** सीएम कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू गई हैं। जिन अस्पतालों में इस सुविधा के तहत पंजीकरण करना है उन अस्पतालों की सूची भी जारी कर दी गई हैं। सीएम कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए यूपी के बेसिक और माध्यमिक शिक्षक इस योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।सीएम कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों, विशेष शिक्षकों और केजीबीवी वार्डेन सहित 10 लाख से अधिक कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को जल्द कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

### सीएम के कार्यक्रम के मद्देनज़र जिलाध्यक्ष नजरबंद

**गोण्डा।** जिले के कर्नलगंज क्षेत्र अंतर्गत चकरौत में सीएम योगी के दौरे के मद्देनज़र सपा के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन को उनके घर में नजरबंद कर दिया गया।बता दें कि,सपा जिलाध्यक्ष जनपद के विकास के संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सीएम योगी से मुलाकात करना चाहते थे। जिसकी उन्होंने जिला प्रशासन से इसकी अनुमति भी चाही थी लेकिन आगमन से पहले मध्य रात्रि ही उन्हें उनके जमुनियाबाग स्थित घर में पुलिस ने नजरबंद कर दिया।

# एक ई-मेल से पासपोर्ट संबंधी समस्या का होगा समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नवागत क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ज्ञानवीर सिंह ने कहा कि एक ई-मेल से पासपोर्ट संबंधी समस्या का समाधान हो जाएगा अब उनको आफिस के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे पासपोर्ट अधिकारी के बयान से लोगों को बहुत राहत मिलने की उम्मीद है।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ज्ञानवीर सिंह ने कहा कि अब पासपोर्ट से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान घर बैठे आनलाइन किया जा सकेगा। आवेदक ईमेल, व्हाट्सएप और आनलाइन पोर्टल के माध्यम से फाइल बंद कराने, पुलिस सत्यापन संबंधी त्रुटियां सुधारने तथा अन्य शिकायतों का निस्तारण करा सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और कार्यालय के चक्कर कम लगाने पड़ेंगे। नवागत क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ज्ञानवीर सिंह ने बताया कि अगर किसी आवेदक की वर्तमान या पूर्व लंबित पासपोर्ट की फाइल बंद करवानी है तो उसको लखनऊ कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। वह खुद पासपोर्ट इंडिया की वेबसाइट पर जाकर लागिन कर फाइल को क्लोज करवा सकते हैं। ई-मेल का संज्ञान लेकर हेल्प डेस्क समस्या का समाधान कर उचित रिप्लाई भी भेजेगी।

**व्हाट्सएप पर भी करें शिकायत**

आरपीओ ने बताया कि आवे. दक व्हाट्सएप पर भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। या फिर अपनी समस्या बता सकते हैं। इसके लिए 9454004092 जारी किया गया है। इसके अलावा क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के एक्स हैंडल पर जाकर भी पोस्ट कर सकते हैं।

# गाजीपुर पहुंचकर स्व. विनीत के परिजनों से मिले अजय राय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विगत दिनों होटल व्यवसायी आलोक राय के पुत्र स्व0 विनीत राय की अपराधियों द्वारा गोली मारकर नृशंस हत्या कर दिये जाने पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय राय जी पूर्व मंत्री गाजीपुर पहुंचे और स्व0 विनीत राय के आवास मोहल्ला अष्टभुजी काला. ेनी, गाजीपुर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सांत्वना दी और ढांढस बंधाया।



इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री जीरो टालरेन्स के दावे करते हैं दूसरी तरफ पूरा प्रदेश ताबड़तोड़ हो रही हत्याओं से दहल उठा है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक हत्याओं का दौर चल रहा है। स्व0 विनीत राय की जिस प्रकार हत्या की गयी है वह बहुत ही दु:खद है, मृतक के पिता आलोक राय से मैं मिला, उन्होने बताया कि पहले से अपराधियों एक गैंग है जो पहले भी इस तरह की घटना में लिप्त है, स्व0 विनीत राय जो कि एक नौजवान, युवा होटल व्यवसाय से जुड़े थे। वर्ष 2023-2024 में भी इनके होटल में बदमाशों द्वारा हमला किया गया था और मारपीट, तोड़फोड़ की गयी थी, स्व0 विनीत राय को प्रताड़ित भी किया गया था जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। अपराधी पकड़े भी गये थे किन्तु उन पर सख्त कार्यवाही करने के बजाए छोड़ दिया गया था जिसका दुष्परिणाम रहा कि स्व0 विनीत राय की हत्या हो गयी। सरकार और पुलिस पहले चेती होती और जो वह सुरक्षा के लिए मांग कर रहे थे यदि उन्हें सुरक्षा दी गयी होती तो स्व0 विनीत राय की हत्या नहीं होती।

**स्व. विनीत राय को प्रताड़ित भी किया गया था जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वाराणसी की घटना हो, जौनपुर की घटना जिसमें लखनऊ में स्व0 संदीप सिंह की हत्या कर दी गयी, गाजियाबाद में दो-दो हत्याएं कर दी गयीं। योगी सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ये फर्जी हाफ इनकाउन्टर, फुल इनकाउन्टर करा रही है इसे करने से क्या होगा, क्या स्व0 विनीत राय को अब वापस लाया जा सकता है? पूरा परिवार उजड़ गया है। सरकार और शासन-प्रशासन का इकबाल खत्म हो चुका है अपराधी और पुलिस एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं योगी सरकार कानून व्यवस्था सहित सभी मोर्चों पर विफल है।

# गुरुद्वारा कमेटी की तीसरी बैठक आगरा में आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी सिक्ख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की तीसरी बैठक आज गुरू का ताल आगरा के मुख्य प्रबंधक संत बाबा प्रीतम सिंह व बाबा राजेन्द्र सिंह के सान्निध्य में होटल 'अमर' आगरा में आयोजित होगी । जहां पर लखनऊ व कानपुर में हुयी दो बैठक में बनायी गयी रणनीति पर चर्चा के साथ ही आगरा मंडल के इटावा, मैनपुरी , अलीगढ़, मथुरा , वृन्दावन , सहारनपुर, नोयडा व आसपास के ज़िलों के गुरुद्वारा प्रतिनिधि एकत्र हो कर सिक्ख समाज की राजनीतिक, सामा. जिक, आर्थिक,धार्मिक, शैक्षिक , धर्म परिवर्तन की समस्याओं पर



चर्चा कर अगली रणनीति तय की जायेगी ।

अध्यक्ष हरविन्दर सिंह ने बताया कि जून माह में प्रदेश के विभिन्न जिलों में ज़ोन स्तर की बैठकें कर जुलाई में लगभग सभी ज़िलों की कमेटियों की बैठक कानपुर में कर सभी मुद्दों पर अगली रणनीति तैयार की जाएगी व छ्द्ध में प्रदेश में होने वाले चुनावों के बाबत भी चर्चा कर सिक्ख समाज को राजनीति से जोड़ने की तैयारी की जायेगी ।

कार्यवाहक अध्यक्ष निर्मल सिंह ने बताया कि कमेटी के उद्देश्यों को पूरा करने की शुरुआत हेतू कमेटी का मुख्य आफिस लाटूश रोड कानपुर व वर्किंग आफिस गुरुद्वारा आलमबाग लखनऊ में खोल दिया गया है ।

चौयरमैन मंजीत सिंह तलवार व महासचिव सुरेन्द्र पाल सिंह बक्शी , ने संयुक्त रूप से कहा कि हमें सिक्खों की उच्चस्तरीय शिक्षा नीट ,जेद्गईद्ग ,आईद्गएसद्ग पीद्गसीद्ग एसद्ग कोचिंग सेंटर ऋ व स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोल कर रोज़गार पूरक शिक्षा के साथ जोड़ना चाहिये ।

उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह बग्गा ने कहा कि प्रदेश में एक नेटवर्क विकसित कर एक दूसरे के साथ सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों को जोड़ा जायेगा, ताकि आने वाली किसी भी समस्या को जल्द से जल्द निस्तारण किया जा सके ।

मीडिया प्रभारी हरजीत सिंह ने बताया की जुलाई में होने वाली ज़िलों की बैठक में कमेटी के विस्तार,ज़ोन और मंडल स्तर पर पदाधिकारियों की सेवाओं का वितरण किया जायेगा ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर फिक्की फ्लो लखनऊ की हरित पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर फिक्की फ्लो लखनऊ ने पर्यावरण संरक्षण, सर्कुलर इकोनामी और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित करते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन माल एवेन्यू स्थित होटल साराका में किया।



यह कार्यक्रम 'सर्कुलर इकोनामी एवं ग्रीनटेक' वर्टिकल के अंतर्गत संपन्न हुआ। जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, हरित भविष्य के निर्माण हेतु सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर '"ई-वेस्ट ड्राइव''' का शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से सदस्यों को इलेक्ट्रानिक कचरे के सुरक्षित और जिम्मेदार निस्तारण के लिए प्रेरित किया गया।ड्राइव का उद्देश्य ई-कचरे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उसके वैज्ञानिक प्रबंधन को प्रोत्साहित करना है, ताकि पर्यावरण पर इसके दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। कार्यक्रम को शची सिंह, राधिका मिश्रा, पूजा ने ई वेस्ट विषय पर अपने विचार रखे।

# खुले में शौच मुक्त का दावा फेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिंहपुर, अमेठी।** सिंहपुर विकास खंड को खुले में शौच मुक्त घोषित किए जाने के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में शौचालय निष्प्रयोज्य पड़े हैं, जबकि ग्रामीण आज भी खुले में शौच करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों के अनुसार कई गांवों में शौचालय जर्जर हो चुके हैं, उनके दरवाजे टूटे हुए हैं और उनका उपयोग शौच के बजाय लकड़ी, कंडा, भूसा व पराली रखने के लिए किया जा रहा है। सुबह-शाम गांवों की गलियों, सड़कों और खेतों की ओर लोगों का खुले में शौच के लिए जाना आम बात है, जिससे स्वच्छता अभियान के दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

लौली, गोयन, जुगराजपुर, रस्तामऊ, फूला, टिकरी, महिया सिंदुरिया और आजादपुर समेत कई गांवों में शौचालयों की स्थिति खराब बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई शौचालय ठेकेदारी व्यवस्था के तहत बनाए गए थे, जो कुछ ही वर्षों में जर्जर हो गए। वहीं, शौचालय उपयोग को बढ़ावा देने के लिए गठित निगरानी समितियां भी निष्क्रिय पड़ी हैं।

डीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि व्यक्तिगत शौचालयों में दरवाजा, सिटकिनी,ग्गा और टोटी जैसी कमियों को दूर करने के लिए ग्राम पंचायतों के बजट से कार्य कराया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को शौचालयों के उपयोग के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर श्रद्धालुओं में फल वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार शाम पांच बजे हनुमान सेतु मंदिर, लखनऊ में अखंड राष्ट्रवादी पार्टी, करणी सेना एवं विभिन्न क्षत्रिय संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर में आए श्रद्धालुओं के बीच फल वितरित किए गए तथा मुख्यमंत्री योगी । के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में लाल जी सिंह राठौर ने कहा कि योगीआदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और समृद्धि के पथ पर निरंतर अग्रसर है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में योगी तीसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे,कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रदेश एवं देश की उन्नति, के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

## साइकिल से माता वैष्णो देवी दर्शन को निकले बाबा राजपाल

**जायस ( अमेठी )** दृढ़ संकल्प, अटूट श्रद्धा और सनातन आस्था का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विकास खंड बहादुरपुर की ग्रामसभा उड़वा स्थित बाबा शीतलदास धाम के पुजारी बाबा राजपाल माता वैष्णो देवी के दर्शन एवं विभिन्न तीर्थस्थलों की यात्रा के लिए साइकिल से रवाना हुए। विशेष बात यह है कि यह उनकी लगातार तीसरे वर्ष की धार्मिक साइकिल यात्रा है, जो युवाओं और श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

बाबा राजपाल की यह आध्यात्मिक यात्रा प्रसिद्ध धर्मो धाम, रायबरेली, कानपुर, मथुरा, कुरुक्षेत्र, माता वैष्णो देवी धाम, हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों से होकर गुजरेगी। लगभग एक माह तक चलने वाली इस यात्रा के पश्चात वे पुन: बाबा शीतलदास धाम लौटेंगे। यात्रा प्रस्थान के अवसर पर धाम परिसर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने बाबा राजपाल का आर्थिक सहयोग व उनकी सफल, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।

# जिला व तहसील इकाई का हुआ पुनर्गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोण्डा।** पत्रकार हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता को लेकर गुरुवार को द जर्नलिस्ट एसोसिएशन गोण्डा की महत्वपूर्ण बैठक जेपीओपी मेमोरियल स्कूल, कर्नलगंज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष महादेव प्रसाद मौर्य ने की,जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों ने सहभागिता की। बैठक में संगठन के विस्तार, पत्रकारों की समस्याओं, उनके उत्पीड़न तथा संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष महादेव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पत्रकारों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। संगठित रहकर ही पत्रकार समाज अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है तथा उत्पीड़न और अन्याय का प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है। बैठक के दौरान संगठन के जिला एवं तहसील स्तर की कार्यकारिणी का पुनर्गठन भी सर्वसम्मति से किया गया। और पत्रकारों के हितों की रक्षा और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।


**कहा: कि पत्रकारों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है**

# सपाई बूथ कमेटियों को मजबूत करने में जुटें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर मासिक बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। बैठक का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने उपस्थित सभी नेताओं एवं पदा. धिकारियों से कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद के प्रत्येक बूथ पर नये मतदाताओं के नाम जोड़ने का कहा एवं जनपद के सभी बूथ प्रभारी एवं बूथ कमेटियां बनायी जायें। साथ ही विधान परिषद स्नातक चुनाव में बने हुए



मतदाताओं की जांच कर नाम बढ़ाये जाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, सांसद आर0के0 चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व मेयर प्रत्याशी मधु गुप्ता, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, प्रदेष सचिव विजय सिंह यादव, चौधरी ज्ञान सिंह, दिनेष कुमार सिंह, अशोक यादव, रामगोपाल यादव, वीर बहादुर सिंह, अमरपाल सिंह, रंजीत यादव, गिरधारी लाल लोधी, अकरम उर्फ बब्लू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत, जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, जमालुद्दीन बेग 'कल्लू', बचान सिंह यादव, गुड्डू लोधी, वीरेन्द्र जौरिया, इब्राहीम मंसूरी, बृजकिशोर मिश्रा, विनोद यादव, अर्चना रावत, जलाल अकबर खान, रामप्रकाश यादव, वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार 'एडवोकेट', रामप्रकाश यादव, रामसमुझ रावत, प्रीति तिवारी, रीता यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, अजय कुमार रावत, सोनीश कुमार मौर्या, प्रदेश सचिव युवजन सभा विजय यादव, चेयरमेन गनेश रावत, फ्न्टल अध्यक्ष अवधेश सिंह, विजय कुमार, संजय यादव, प्रेमलता यादव, यशवीर लोधी, मोहन यादव, प्रदीप कुमार यादव के साथ अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# करंट से झुलसे किसान को घर ले जाते समय रास्ते में मारपीट

## दो आरोपियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के तोफापुर भवानीपुर गांव में करंट से झुलसे किसान को अस्पताल से घर ले जाते समय रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी दिलप्रीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चाचा अजय सिंह गुरुवार सुबह खेत पर गन्ने की खुदाई करने गए थे। आरोप है कि खेत के पास मक्का की फसल की सुरक्षा के लिए लगाए गए बिजली के नंगे तारों की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए थे। उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल पैनेशिया में भर्ती कराया गया था।शुक्रवार शाम अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद स्वजन अजय सिंह को घर लेकर लौट रहे थे। रास्ते में जाहिद हुसैन अपने एक साथी के साथ पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित दिलप्रीत सिंह की तहरीर पर डिडौली पुलिस ने जाहिद हुसैन व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गन्ना सर्वे में गड़बड़ी पर भड़के किसान

## प्रदर्शन कर नौ जून को चक्का जाम की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गन्ना सर्वे में कथित गड़बड़ी और गन्ना मूल्य का बकाया भुगतान न मिलने से नाराज भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) असली के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि 8 जून तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 9 जून को तहसील के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया जाएगा।

भाकियू (असली) के जिला प्रवक्ता नरेश कुमार कुआखेड़ा ने आरा. ेप लगाया कि आगामी पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना विभाग द्वारा कराया जा रहा सर्वे सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि कई जगह अगेती प्रजाति के गन्ने को सामान्य प्रजाति में दर्ज किया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसे लेकर किसानों में नाराजगी है। किसानों ने कहा कि पेराई सत्र 2025-26 का पूरा गन्ना भुगतान अभी तक नहीं मिला है। नियमानुसार 14 दिन के भीतर भुगतान होना चाहिए, लेकिन कई महीने बीतने के बाद भी किसानों का पैसा अटका हुआ है। इससे खेती-किसानी के काम प्रभावित हो रहे हैं और किसान आर्थिक परेशानी झेल रहे हैं। तहसील अध्यक्ष जगदीश सिंह यादव ने कहा कि 8 जून तक सभी मांगों का समाधान कराया जाए। उन्होंने यह भी मांग उठाई कि 8 जून को धनौरा ब्लॉक परिसर में होने वाली किसान पंचायत में जिला गन्ना अधिकारी की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। यदि अधिकारी नहीं पहुंचे और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान गजेंद्र सिंह, विनीत कुमार, धर्मेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, सुरेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, नन्हें सिद्धू, देशराज सिंह, कावेंद्र सिंह, रमेश सिंह, सुनील कुमार, शाकिर सैफी, अनवर अली समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# भाजपा नेता जल्द सपा में हो सकतें शामिल

## अमरोहा से लड़ चुकें विधानसभा चुनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एक भाजपा नेता अपनी पार्टी में भाव न मिलने से खफा हैं तथा जल्द ही उनके सपा में शामिल होने की संभावना जतायी जा रही हैं।

अमरोहा विधानसभा से भाजपा से चुनाव लड़े चुके नेता इन दिनों अपनी ही पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं। दरअसल उन्हें लगता है कि इस बार भाजपा उन्हें अमरोहा से प्रत्याशी नहीं बनायेगी। पिछले दिनों उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष बनने की जीतोड़ कोशिश की थी तथा पार्टी के नेताओं के आगे भी खूब गिड़गिड़ाये थे। परन्तु उनका वह सपना भी पूरा नहीं हो सका। जिस कारण वह भाजपा में घुटन महसूस कर रहे हैं। चर्चा है कि वह जल्द ही पार्टी को अवलिवा कह सुके हैं। सपा के एक बड़े नेता से उनकी मुलाकात हुई है तथा भाजपा नेता आश्वासन चाहते हैं कि उन्हें नौगांवा से सपा प्रत्याशी बनाये तो वह तुरन्त भाजपा को छोड़ सकते हैं। भाजपा नेता की बिरादरी के जिले की चारों विधानसभा सीटों पर बड़ी संख्या में वोटर हैं। अगर नेता. जी को सपा की ओर से आश्वासन मिलता है तो वह जल्द ही भाजपा को अलविदा कह सकते हैं। इसके अलावा कई अन्य भाजपा व दूसरे दलों के नेताओं के भी सपा में शामिल होने की उम्मीद जतायी जा रही है। परन्तु भाजपा समेत दूसरे दलों के नेता पहले सपा नेताओं से टिकिट का आश्वासन चाहते हैं। नौगांव सीट इस समय सपा के पास है। परन्तु उनसे मुस्लिम वोटर खफा बताये जा रहे हैं।

# अण्डरपास के काम में तेजी लाने की मांग

## कांकाठेर की प्रधान व ग्रामीणों ने डीआरएम से की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव कांकाठेर में बन रहे अण्डरपास के कार्य की रफ्तार को धीमी बताते हुए ग्रामीणों ने डीआरएम से कार्य में तेजी लाने की मांग की है, साथ ही हाल ही में रेलवे द्वारा बंद कराए गए वैकल्पिक मार्ग को खुलवाने का मुददा उठाया है, क्योंकि रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को कई किलोमीटर की दूरी तय करके दूसरे अण्डरपास से निकल. कर आना पड़ रहा है।

बता दें कि कांकाठेर गेट पर पिछले तीन माह से अण्डरपास निर्माण का कार्य चल रहा है, यहां पर एक वैकल्पिक मार्ग बना था,

**■ रेलवे द्वारा बंद वैकल्पिक मार्ग पर भी खोला जाए**

जिसके माध्यम से वे पैदल-पैदल या बाइक आदि से पार हो जाते थे। उसे कुछ दिन पहले रेलवे के अधिकारियों ने बंद करा दिया। ग्रामीणों की लगभग सारी खेती फाटक के दूसरी तरफ है। ऐसे में किसानों को गर्मी और तेज धूप के बीच करीब दो तीन किलोमीटर का चक्कर काटते हुए ओसीता जगदेवपुर से निकलना पड़ रहा है। वहीं ग्राम प्रधान अर्चना देवी व प्रधान पति हरिओम सिंह के साथ-साथ ग्रामीण राम अवतार, दिगंबर दयाल, रतन सिंह, नरेश कुमार, राकेश कुमार, सोमपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, सुमित कुमार, भूदत्त सिंह आदि ग्रामीणों ने डीआरएम से बंद किया रास्ता खुलवाने की मांग की है, वहीं इस बारे में रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर नवीन पाल ने बताया कि अण्डरपास निर्माण का विधिवत एनओसी के बाद ही प्रारंभ हुआ था। निर्माण कार्य की गति सही गति से चल रही है। यहां पर बना वैकल्पिक मार्ग सुरक्षा के द्रष्टिगत रेलवे द्वारा नहीं था, ग्रामीण अपनी मर्जी से निकल रहे थे। सुरक्षा के द्रष्टिगत रेलवे ने वैकल्पिक मार्ग बंद कराके बाइक आदि का आवागमन बंद कराया है। उन्होंने बताया कि दिसम्बर 2026 तक कार्य पूरा कराने प्रस्तावित है। पूरा प्रयास है कि समय पर कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बॉक्स आदि तैयार हो रहे हैं। ड्राइंग आदि भी बनने के लिए गई है। प्रतिदिन काम चल रहा है।

# जहरीला चारा खाने से पांच पशुओं की मौत

## किसान को लाखों रुपये का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव अम्हेड़ा में शनिवार को जहरीला चारा खाने से पांच पशुओं की मौत हो गई। मृत पशुओं में दो भैंस, दो कटरे और एक बछड़ा शामिल हैं। घटना से किसान अनुज कुमार उर्फ रिंकू को करीब तीन लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

परिजनों के अनुसार सुबह पशुओं को चारा खिलाया गया था। इसके कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और वे एक-एक कर गिरने लगे। सूचना पर पशु चिकित्सक डॉ. नेपाल सिंह और वेटरनरी टीम मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच में फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाकियू कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान को सरकारी मुआवजा दिलाने की मांग की है। गांव में पशुओं की मौत से शोक का माहौल बना हुआ है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत एमआरएफ सैंटर का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के तहत शनिवार को नगर पालिका परिषद धनौरा की ब्रांड एम्बेसडर सोनिया अग्रवाल ने कचरा प्रबंधन केंद्र (एमआरएफ) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर से निकलने वाले विभिन्न प्रकार के कचरे के पृथक्करण की व्यवस्था की जानकारी ली और कर्मचारियों को साफ-सफाई व सुरक्षा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सोनिया अग्रवाल ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में आम लोगों की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने नगरवासियों से अपने घरों में चार डस्टबिन रखने और गीला, सूखा, खतरनाक तथा ई-कचरा अलग-अलग करके नगर पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण गाड़ियों को देने की अपील की। निरीक्षण के दौरान लिपिक आरती शर्मा, रजनी गर्ग, सचिन अग्रवाल समेत नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता की सुरक्षा की मांग को ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अधिवक्ता को हत्या की सुपारी देने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डॉ. रविन्द्र शुक्ला की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनके खिलाफ कथित साजिश रचने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। प्रति. निधिमंडल ने समाधान दिवस में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि सामाजिक मुद्दों पर आवाज उठाने के कारण कुछ असामाजिक तत्व गजरौला निवासी डॉ. शुक्ला को नुकसान पहुंचाने की साजिश कर रहे हैं। साथ ही अधिवक्ताओं ने प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मनु शर्मा,संजीव जिंदल, राजीव कुमार गोले,चंद्रगुप्त मौर्य एडवोकेट, सर्वेंद्र यादव, संजीव कुमार, अतुल कुमार चिकारा, कपिल यादव, सैयद हुसैन हैदर, दिनेश चौहान, कुलदीप , मेराजुल जफर, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक सम्बंध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** इंस्टाग्राम के माध्यम से एक दूसरे सम्प्रदाय के युवक ने हिन्दु वर्ग की युवती से सम्पर्क बढ़ाकर प्रेम प्रसंग कर लिया और शादी का झांसा देकर शारिरिक सम्बंध भी बना लिए। अब युवक शादी करने से मुकर रहा है और कहीं दूसरी जगह अपनी शादी तय कर ली है। युवती को जब इस बात की जानकारी हुई तो उसने पुलिस को तहरीर देकर युवक व उसके दोस्त के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की।

**■ इंस्टाग्राम के माध्यम से अलग अलग सम्प्रदाय के युवक व युवती के मध्य हुए थे प्रेम सम्बंध, अब शादी से मुकर रहा है युवक।**

थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक हिन्दु वर्ग की युवती की मुस्लिम वर्ग के युवक के साथ तिगरी गंगा मेले के दौरान इंस्टाग्राम के जरिये जान पहचान हुई। इसके बाद युवक ने युवती से सम्पर्क बढ़ाने शुरू कर दिए और दोनों के बीच प्रेम सम्बंध बन गए। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ करीब आठ महीने से अब तक शारिरिक सम्बंध बनाए। युवती ने जब भी उससे शादी के लिए कहा तो वह टालता रहा। लेकिन युवती को किसी माध्यम से जानकारी मिली कि उसने अपनी शादी किसी दूसरे स्थान पर तय कर ली है। इस बात की जानकारी मिलने पर युवती ने युवक से पूछा तो उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। युवती का आरोप है कि युवक का एक दोस्त भी उसका साथ देता है। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर युवक व उसके दोस्त के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रामवीर व सोम सिंह को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत, तहसील हसनपुर ग्रामीण में तैनात प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह प्राथमिक विद्यालय, गुलामपुर, विकास क्षेत्र गंगेश्वरी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें जनगणना में पर्यवेक्षक के रूप में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सौंपा गया था। जिसे उन्होंने अत्यंत निष्ठा, कुशलता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किया। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने रामवीर सिंह के अनुशासन, कर्तव्य परायणता और समर्पण भाव की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में उनका योगदान अनुकरणीय है और अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसी क्रम में, हसनपुर ब्लॉक के प्रधानाध्यापक सोम सिंह को भी उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# साइन बोर्ड पर लिखे शब्द से गिहार समाज में नाराजगी



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मंडी समिति रोड स्थित एक बीज भंडार के साइन बोर्ड पर लिखे शब्द को लेकर गिहार समाज के लोगों में नारा. जगी है। शनिवार को समाधान दिवस में समाज के लोगों ने एसडीएम शैलेश कुमार दुबे को प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि एक बीज भंडार के साइन बोर्ड पर पते के स्थान पर ऐसा शब्द लिखा गया है, जिसे गिहार समाज के लोग जातिसूचक और अपमानजनक बता रहे हैं। उनका कहना है कि इससे समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। गिहार समाज के लोगों ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है। वहीं प्रशासन ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कराने की बात कही है।

# ईओ ने एफएसओ पर कार्रवाई की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पालिकाकर्मियों द्वारा नगर के अग्निशमन केन्द्र में बतौर एफएसओ तैनात कमलेश कुमार मिश्र पर अभद्रता और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोपों के क्रम में ईओ ललित कुमार आर्य ने भी पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर प्रकरण की जांच करके नियमानुसार एफएसओ के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि बुधवार के दिन पालिकाकर्मी बाजार को व्यवस्थित ढंग से लगवाने के लिए डयूटी दे रहे थे। आरोप है कि इस दौरान एफएसओ कमलेश कुमार मिश्र ने उनके साथ अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों से

**■ पुलिस अधीक्षक को भेजा शिकायती पत्र**

अपमानित किया, हालांकि एफएसओ द्वारा इन आरोपों का खंडन करते हुए पालिकाकर्मियों पर दुकानदारों को परेशान करने का आरोप लगाया था। इसके बाद पालिका कर्मियों ने ईओ ललित कुमार आर्य को घटना से रूबरू कराते हुए थाने में भी तहरीर दी थी। सीओ अंजलि कटारिया से भी मिलकर एफएसओ पर कार्रवाई की मांग की थी। अब इस प्रकरण में ईओ ललित कुमार आर्य ने भी पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर बिंदुवार लिखित शिकायत करते हुए प्रकरण की जांच कराके एफएसओ के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण: डीएम

## समाधान दिवस में दो शिकायतों का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** डीएम नितिन गौड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, मंडी समिति और चकबंदी विभाग से संबंधित कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। भूमि विवादों के मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को जांच के लिए मौके पर भेजा गया। डीएम ने बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर नौगावां सादात नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। वहीं एसपी ने पुलिस अधिकारियों को जनसुनवाई से जुड़ी शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सुनीता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह सहित कई जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक रखने पर युवक को दो साल की सजा

## कोट चौराहे से पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अवैध शस्त्र व चोरी की बाइक बरामदगी के मामले में अदालत ने युवक को दोषी करार देते दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। 15 मई 2017 का मामला अमरोहा शहर कोतवाली से जुड़ा था। पुलिस रात्रि गश्त कर रही थी। शहर के कोट चौराहे के पास पुलिसकर्मियों को देखकर एक युवक बाइक मोड़कर भागने लगा लेकिन बाइक फिसलने के कारण वह कुछ दूर आगे जाकर गिर गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया था। पूछताछ में उसने अपना नाम इमरान उर्फ जीशान निवासी गांव सैदपुर इम्मा थाना नौगावां सादात बताया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक 12 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ था। वहीं, बिना नंबर की बाइक चोरी की मिली थी। इतना ही नहीं उसके पास से दो मास्टर चाबियां भी बरामद हुईं थी। जिनके जरिए बाइकों का लॉक खोला जा सकता था। मामले में पुलिस ने अवैध शस्त्र और चोरी की बाइक रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने आरोपों इमरान को जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को कोर्ट ने इस मुकदमे में अंतिम सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर इमरान को अवैध शस्त्र रखने और चोरी की बाइक रखने के मामले में दोषी करार दिया। दो साल कैद की सजा सुनाई तथा एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यो व कच्चे घाट पर बन रहे बांध का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जिलाधिकारी ने स्थित नक्का कुआं मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों तथा कच्चा घाट क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कटान रोधी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और सुरक्षा मानकों का जायजा लेते हुए अधिका. रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम कविता मीणा ने शुक्रवार की शाम को नक्का कुआं मंदिर परिसर में निर्माणाधीन कार्यों काअवलोकन किया और कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ कराए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। साथ ही निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि नक्का कुआं मंदिर गढ़मुक्तेश्वर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। मंदिर परिसर के विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिला. धिकारी ने कच्चा घाट क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा बरसात के दौरान संभावित कटान को रोकने के लिए कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान तटबंध सुदृढ़ीकरण, बालू और मिट्टी भराई सहित अन्य सुरक्षात्मक कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई।

# मोहर्रम पर न डालें कोई नई परम्परा

**अमरोहा।** मोहर्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर जिले के सभी थानों में शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। एसपी लखन सिंह यादव के निर्देशन में थाना प्रभारियों ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, ताजियेदारों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद किया। मोहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजियों,जुलूस के मार्गो, सुरक्षा व्यवस्था,यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। लोगो से आपसी भाईचारा , सौहार्द, शांति बनाए रखने की अपील की, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना देने की बात कही। ताजियेदारों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया गया।

# एनडीए व इंडिया गठबंधन में सबसे ज्यादा दावेदार

## अन्य राजनीतिक दलों को ढूंढे से नहीं मिल रहे प्रत्याशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** एनडीए व इंडिया गठबंधन को छोड़ दूसरे राजनीतिक दलों से टिकिट की दावेदारी कम होने से छोटे दल के नेता परेशान हैं। एक दल जिसके टिकिट करोड़ो में बिकते थे उस राजनीतिक दल की हालत सबसे ज्यादा पतली है।

विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। राजनीतिक पार्टियां अपने नेताओं से फीडबैक लेकर प्रत्याशियों के चयन का कार्य कर रही हैं। सबसे ज्यादा टिकिट मांगने वाले भाजपा में हैं। क्योंकि नौ साल से प्रदेश व 12 साल से केन्द्र की सत्ता पर भाजपा काबिज है। नेताओं को लगता है कि भाजपा का टिकिट उनके लिए जीत की गारंटी है। जिले के दो सीटों पर भाजपा का कब्जा है। जबकि 2017 के चुनाव में भाजपा ने तीन सीटों पर कब्जा जमाया था। 2012 में जनपद की चारों सीटें सपा ने जीती थीं। वहीं इंडिया गठबंधन से भी टिकिट के दावेदारों की लम्बी लाइने हैं। हिन्दू वोटों का झुकाव अभी भी एनडीए गठबंधन की ओर बना है। जबकि मुस्लिम वोटों का झुकाव भी इंडिया गठबंधन की ओर है। जिले की चारों सीटों पर करीब 35 से 40 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं। एनडीए गठबंधन से रालोद भी एक सीट छोड़ने के लिए हाथ-पैर मार रहा है तो वहीं इंडिया गठबंधन में भी कांग्रेस एक सीट पर अपनी दावेदारी जता रही है। इसके अलावा दूसरे दलों से टिकिट मांगने वालों की संख्या न के बराबर है। एक राजनीतिक दल के बारे में चर्चा है कि कुछ साल पहले तक विधानसभा का टिकिट करोड़ो में बिकता था परन्तु अब उसके टिकिट की बोली काफी घट गयी है। कई सीटों पर तो इस पार्टी को ढूंढे से भी प्रत्याशी नहीं मिल रहा। जो टिकिट मांग रहे हैं उनकी छवि बड़ी खराब है।

**शाह टाइम्स**
सभी प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें
नासिर अली, ब्यूरो चीफ
कार्यालय- मौहल्ला नल, निकट पानी की टंकी, अमरोहा
9927099499

# कड़ी निगरानी में होगी पुलिस भर्ती बोर्ड की परीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 हेतु दिनांक 08, 09 एवं 10 जून, 2026 को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को निर्धारित प्रक्रियानुसार सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष, नकलविहीन व शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट व अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग बैठक व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा के सकुशल, नकलविहीन व सुचितापूर्ण ढंग से आयोजन के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी व संवेदनशीलता के साथ परीक्षा को सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों को गोपनीय सामग्री को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्राप्त कराने तथा परीक्षा अवधि के दौरान अपने सेक्टर के परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सम्पन्न कराने एवं परीक्षा के समाप्ति के उपरांत गोपनीय सामग्री को निर्धारित रूट से ही पुलिस अभिरक्षा में डबल लाक में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें करने के निर्देश दिए है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता में किसी भी प्रकार का व्यवधान डालने वालो के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# चाचा ने तेल छिड़क कर नाबालिग लड़की को जलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नगर के शिवकुटी थाना क्षेत्र में कलयुगी चाचा ने नाबालिक लड़की पर मिट्टी तेल छिड़ककर उसे आग के हवाले कर दिया। पीडिता का इलाज चल रहा है, जहां वह अपनी जीवन से संघर्ष कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी चाचा लडकी के साथ गलत नियत से उसके शरीर को टच करता था। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी के साथ ही भोजन से भी वंचित करके प्रताडित करता था। जीवन मौत से लड रही पीडिता ने होश में आने पर आपाबीती बहाते हुए कहा कि जब मैंने इसका विरोध किया, तो मिट्टी का तेल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया। इसमें चाची ने भी उसका साथ दिया। पीड़िता के भाई ने शिवकुटी पुलिस को तहरीर दी है। लड़की के मां-बाप की मौत हो चुकी है और वह अपने चाचा के घर में रहती है। भाई ने बताया- वह पत्नी के साथ राजापुर में रहता है और छोटी बहन व भाई चाचा-चाची के साथ शिवकुटी में रहते हैं। उसकी मौसी से ही उसके चाचा की शादी हुई है। 29 मई की शाम 4रू30 बजे के करीब चाची का फोन आया। उन्होंने कहा- तुम्हारी बहन ने खुद पर मिट्टी का तेल छिड़ककर खुद को आग के हवाले कर दिया है। इसे लेकर जाओ। मैं पहुंचा तो देखा कि बहन का पूरा चेहरा, हाथ और सीना जला हुआ था। वह चीख रही थी। मैं अपने छोटे भाई के साथ बाइक पर बैठाकर बहन को एसआरएन अस्पताल ले आया। यहां देखते ही डाक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया। भाई के मुताबिक, बहन की हालत गंभीर बनी हुई थी। बुरी तरह झुलसने के कारण वह अपना मुंह भी नहीं खोल पा रही थी। शुक्रवार रात हालत में कुछ सुधार होने पर उसने जो बताया, उसे सुनकर वह भी स्तब्ध रह गया। कई बार मना करने के बावजूद वह नहीं माने। मना करने पर मारपीट करते थे। यह बात उसने चाची को बताई तो उन्होंने मुंह बंद रखने को कहा। ये लोग उसे तरह-तरह से परेशान करते थे। भूखा रखते थे और प्रताड़ित करते थे। भाई का कहना है कि बहन ने जब यह बातें बताईं, तो उसने मोबाइल से वीडियो भी बनाया। इसके बाद उसने शनिवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी। इस पर एक दरोगा ने अस्पताल आकर बहन से पूछताछ की।

# अपराध नियंत्रण को सख्ती जरूरी: उपमुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गाजीपुर एनकाउंटर मामले, विपक्ष के आरोपों, केंद्र सरकार के 12 साल के कार्यकाल और आगामी चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी द्धसपात्र पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि गाजीपुर एनकाउंटर से जुड़े सवालों पर सरकार गंभीर है। यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को कई बार कठोर कदम उठाने पड़ते हैं।यदि किसी मामले में परिवार या अन्य पक्ष शिकायत करता है, तो उसकी जांच भी कराई जाती है। उन्होंने दोहराया कि गाजीपुर एनकाउंटर मामले की भी जांच होगी। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सपा को कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल और विपक्ष की ओर से बेरोजगारी व महंगाई पर उठाए जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा है। उन्होंने जोर दिया कि जो वस्तुएं पहले विदेशों से आयात की जाती थीं।

# मेससीमो बीपीएल-7 का भव्य शुभारंभ, रोमांचक मुकाबलों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** आइडिया ग्राउंड पर मेससीमो बीपीएल-7 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। लगातार सातवें वर्ष आयोजित हो रहे इस नाइट टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ग्राउंड को भविष्य में स्टेडियम के रूप में विकसित कराने का आश्वासन दिया। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में एमआरएफ टायर ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हराया। गुजरात टाइटंस की टीम 61 रन पर सिमट गई। एमआरएफ टायर की ओर से नितिन ने 23 रन और नाज ने 21 रन बनाने के साथ 4 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। नाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने जीडी किंग को आसानी से पराजित कर दिया। जीडी किंग की टीम 41 रन पर ऑलआउट हो गई, जबकि मुंबई इंडियंस ने मात्र 29 गेंदों में लक्ष्य हासिल कर लिया।



अरबाज ने 24 और जुनैद ने 18 रन की तेजतर्रार पारी खेली। टूर्नामेंट में कॉमेंट्री की जिम्मेदारी सोनू, मोहम्मद यामीन और हनी ने निभाई, जबकि अंपायरिंग मोहम्मद वसीम, रियाज आलम और रियाजुल रहमान ने की। स्कोरिंग का कार्य तारिक, जमाल और मोहम्मद आसिम ने संभाला। इस अवसर पर शुभम राठी ने खिलाड़ियों को पढ़ाई और खेल दोनों पर समान रूप से ध्यान देने की प्रेरणा दी तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी पढ़ने का संदेश दिया। आयोजक बिट्टू, तस्लीम अजहरी और मीनू ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों में भी बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की।

# जल्द शुरू होगा राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय निशुल्क चिकित्सा शिविर में 272 मरीजों का हुआ उपचार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के बाबा लक्ष्मण दास की मणि परिसर में राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय को संचालित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आयुष विभाग द्वारा नागरिक परिषद बिलारी के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन तहसीलदार आदित्य कुमार, नगर पालिका परिषद बिलारी के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, नागरिक परिषद के वरिष्ठ संरक्षक राकेश जैन एवं शकील साबरी ने फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों ने बाबा लक्ष्मण दास की मणि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने कहा कि बिलारी के नाम से स्वीकृत राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय को शीघ्र ही बाबा लक्ष्मण दास की मणि परिसर से संचालित कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में यहां एक अस्थायी कक्ष की व्यवस्था कर चिकित्सालय की शुरुआत की जाएगी। इसके उपरांत भूमि की पक्की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर एक स्थायी भवन भी बनाया जाएगा, जिससे वर्तमान में सहसपुर से संचालित चिकित्सालय को बिलारी में स्थानांतरित कर जनता को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। चकित्सा शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान 272 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों को रोगानुसार परामर्श देने के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं। शिविर में राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रभारी डॉ. ज्योति सिंह, उनकी सहयोगी डॉ. वर्णिका तथा निजी चिकित्सक डॉ. झरना सिंह ने मरीजों का परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने आयुष चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति आज भी लोगों के लिए प्रभावी एवं लाभकारी साबित हो रही है। यदि चिकित्सालय बिलारी में नियमित रूप से संचालित होता है तो नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. राकेश रफीक, मास्टर लटूरी सिंह, तिलक राज चांदना, फैसल रजा, सभासद राकेश यादव, के.पी. सिंह राणा, संजय सक्सेना, नौमान जमाल, रणजीत सिंह यादव, कासिम अंसारी, माजिद हुसैन, अनीस अहमद, मुनव्वर हुसैन, कफील अहमद इदरीसी, राहत जान, हसीव अहमद, रविशंकर, अनिल गुप्ता, डॉ. रशीद, अली जान कसार, हकीम नईमुद्दीन बंजारा, किशन लाल प्रजापति, सुखवीर सिंह यादव सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नागरिक परिषद बिलारी के संयोजक डॉ. जितेंद्र दक्ष ने किया तथा सभी अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

शिविर की सफलता को लेकर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिलारी में शीघ्र चिकित्सालय संचालन की मांग दोहराई।

# ट्यूबवेल पर रखे ट्रांसफार्मर को चोरों ने बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव सरकड़ा बिश्नोई के जंगल में ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया किसान विकास कुमार ने बताया कि सुबह



6:00 बजे खेत पर पानी देने के लिए सुबह पर पहुंचा तो देखा कि ट्रांसफार्मर खम्बो से नीचे गिर पड़ा है और उसके अंदर का पीतल कॉपर एवं अन्य कीमती सामान नहीं है अज्ञात चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर का सभी कीमती सामान चुरा ले गए और खाली खोखा वही छोड़कर चले गए किसान ने बताया कि मेरा ट्यूबवेल गांव से आधा किलोमीटर दूरी पर है कल शाम 5:00 बजे में ट्यूबवेल पर से गया था सुबह 6:00 बिजली आ रही थी खेतों में सिंचाई के लिए आकर देखा तो ट्रांसफार्मर नीचे पड़ा है उसमें से सभी कीमती सामान गायब है जिसकी शिकायत हमने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना किया, पीड़ित की तैयारी के आधार पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कर रही है आपको बताते चलें कि डिलारी थाना क्षेत्र में चोर सक्रिय हैं आए दिन किसानों के ट्यूबवेल पर रखे ट्रांसफार्मरों को निशाना बना रहे हैं नगर पंचायत ढकिया के जंगल में भी चोरों ने ट्यूबवेल पर रखे ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया था इससे पहले भी कई ट्रांसफार्मरों को चोरों द्वारा निशाना बनाया था। लेकिन कर अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है इसमें लेकर क्षेत्र के किसानों में रोष व्याप्त है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मुरादाबाद रेल मंडल का विशेष अभियान पौधारोपण से लेकर प्लास्टिक मुक्त स्टेशन का दिया गया संदेश

**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक



विनीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों और कार्यालय परिसरों में पौधारोपण, शपथ ग्रहण, रैली, नुक्कड़ नाटक तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। मंडल में 15 मई से 5 जून तक विशेष पर्यावरणजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों एवं उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद मंडल कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। वहीं बाल विद्या मंदिर, रेलवे स्टेडियम के निकट आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने हस्तनिर्मित गमलों में पौधे लगाए। मंडल रेल प्रबंधक ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर 20 प्लास्टिक बोतल क्रेशर मशीनों का उद्घाटन भी किया गया, जिससे प्लास्टिक अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे मंडल रेल प्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के उद्देश्य से यात्रियों को निशुल्क कपड़े के हैंडबैग भी वितरित किए गए। रेलवे स्टेशन से शुरू हुई रैली विभिन्न रेलवे कॉलोनियों से होकर स्काउट्स हट्स पर संपन्न हुई। रेलवे प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रामगंगा स्वच्छता अभियान के 201 सप्ताह पूर्ण, स्वयंसेवक सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिवर्तन 'दी चेंज' संस्था एवं जिला गंगा समिति, मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में डियर पार्क स्थित वन चेतना केंद्र में



विशेष कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था द्वारा संचालित 'रामगंगा स्वच्छता अभियान' के लगातार 201 सप्ताह सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेचर ट्रेल के साथ हुई, जिसमें उपस्थित अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने वन चेतना केंद्र की जैव विविधता का अवलोकन किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में रामगंगा नदी के संरक्षण, स्वच्छता और प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर रामगंगा स्वच्छता अभियान में लगातार 201 सप्ताह से सक्रिय योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह, रेंजर गिरीश चंद्र श्रीवास्तव तथा नमामि गंगे की जिला कार्यक्रम अधिकारी पूजा सिंह उपस्थित रहीं। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में नदियों को स्वच्छ बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी को आवश्यक बताया। संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया कि 201 सप्ताह से निरंतर चल रहा यह अभियान जनसहयोग और सामाजिक जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम का समापन रामगंगा स्वच्छता अभियान के 200 सप्ताह पर आधारित पुस्तक के विमोचन, गंगा शपथ ग्रहण तथा हस्ताक्षर अभियान के साथ हुआ। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बार एसोसिएशन का चुनाव 19 को

**प्रयागराज।** बार एसोसिएशन सोरांव के चुनाव अधिकारी शशिकांत शुक्ल एवं गामा लाल यादव ने संयुक्त रूप से चुनाव कार्यक्रम घोषित करते हुए 19 जून को मतदान की तिथि निर्धारित किया है। चुनाव अधिकारी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि 3 जून को वोटर लिस्ट का प्रकाशन एवं वोटर लिस्ट आपत्ति निस्तारण के साथ मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 8 जून को नामांकन पत्रों का वितरण के साथ 9 जून से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 16 जून को दक्षता भाषण के पश्चात 19 जून को मतदान के परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी शशिकांत शुक्ल एवं गामा लाल यादव ने तहसील के समस्त अधिवक्ताओं से आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सहयोग की अपील की है।

### आबकारी अधिनियम के मामले में वांछित वारंटी गिरफ्तार

**बिलारी।** न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के अनुपालन में बिलारी पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक विनीत कुमार एवं आरक्षी विपुल कुमार ने ग्राम हाजीपुर निवासी सर्वेश यादव पुत्र पूरन सिंह को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध ग्राम न्यायालय बिलारी से मुकदमा संख्या 2925/25, अपराध संख्या 563/25, धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत गैर जमानती वारंट जारी था। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

### घर में घुसकर मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगलिया जट में घर में घुसकर मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम नगलिया जट निवासी सूरज सिंह की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की। इस दौरान सीताराम के सिर पर जान से मारने की नीयत से फरसे से वार किया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में कार्रवाई करते हुए बिलारी पुलिस ने आरोपी दिनेश पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम नगलिया जट को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से एक ईंट भी बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है तथा अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर फत्तेहपुर नत्था में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**बिलारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम फत्तेहपुर नत्था में नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट एवं नागरिक एकता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर नीरज शर्मा ने कहा कि बढ़ती गर्मी और हीट वेव से बचाव के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना आवश्यक है। वहीं प्रेम कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और मौसम असंतुलन की समस्या से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर पौधरोपण जरूरी है। कार्यक्रम में विशाल प्रधान प्रत्याशी, राजदीप सिंह, रवि रस्तोगी, नेम सिंह, राजू, सुरजन सिंह, कल्याण सिंह, मुकट सिंह, महेंद्र मौर्य, अफसर अली, दिलशाद सलमानी एवं दीनदयाल यादव सहित अनेक लोगों ने सहभागिता कर पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### बिलारी में टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण

**बिलारी।** सीएचसी बिलारी के चिकित्सा अधीक्षक ने ग्राम सुजानपुर व जतपुरा झाड़ू में टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि 10 जून 2026 से विटामिन-ए कार्यक्रम शुरू होगा। साथ ही 14-15 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण प्रत्येक तीसरे शुक्रवार को सब सेंटरों तथा प्रत्येक रविवार को पीएचसी पर किया जाएगा। अभिभावकों से पात्र बच्चों एवं बालिकाओं का समय पर टीकाकरण कराने की अपील की गई।

### तहसील समाधान दिवस में एसडीएम प्रिंस वर्मा ने सुनीं जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



**बिलारी।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी (एसडीएम) प्रिंस वर्मा ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिलारी तहसील में नवागंतुक एसडीएम प्रिंस वर्मा का यह पहला संपूर्ण समाधान दिवस रहा। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें विद्युत विभाग से 4, विकास विभाग से 6, पुलिस विभाग से 7 तथा आपूर्ति विभाग से 13 शिकायतें शामिल रहीं। अधिकारियों द्वारा इनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। समाजवादी पार्टी के नेता राजेश यादव भी अपने समर्थकों के साथ तहसील पहुंचे और विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। समाधान दिवस में तहसीलदार आदित्य कुमार एवं नायब तहसीलदार मानसी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए उनके प्रभावी समाधान का भरोसा दिलाया।

### चारागाह की भूमियों को कब्जा मुक्त कराने की उठाई मांग

**कांठ ( शाह टाइम्स )** गो रक्षक विकास शर्मा ने क्षेत्र में चारागाह और गोचर के नाम से दर्ज भूमि को कब्जा मुक्त करा कर गौशाला में संरक्षित पशुओं के चारे के लिए खाली कराए जाने की मांग उठाई वह आज तहसील पहुंचे और जिला अधिकारी को पत्र देकर उन्होंने कहा की उक्त जमीन में नेपियर घास लगाकर गौशाला में संरक्षित गोवंश के चारे की व्यवस्था कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र में सात गौशालाएं संचालित हैं जिनमे बेसहारा गोवंशों को संरक्षित किया गया है लेकिन चारे की जमीन उपलब्ध न होने के कारण गोवंश हरे चारे से महरूम रहते है उन्होंने बताया कि इन गौशालाओं में हजारों गोवंश संरक्षित हैं और उनके चारे की व्यवस्था चारागाह भूमि से अच्छी कहानी नहीं हो सकती।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन, भंडारे का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** कस्बे के मढ़ी सत्याना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को विधिवत समापन हो गया। कथा के उपरांत पूर्णाहुति यज्ञ, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय एडवोकेट ने कन्याओं एवं साधु-संतों के चरण पखारकर उनका सम्मान किया तथा उनके लिए प्रसाद की व्यवस्था कराई। इसके बाद कन्याओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।भंडारे में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, राजू भारती, बाबा अरविंद गिरी, सोनू गुप्ता, सुभाष गंगवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बहेड़ी तहसील में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- 132 शिकायतें दर्ज, 18 का मौके पर निस्तारण
- अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और गन्ना भुगतान का मुद्दा छाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। तहसील दिवस में कुल 132 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 18 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

समाधान दिवस में एडीएम न्यायिक देश दीपक एवं तहसीलदार भानू प्रताप ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, और मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने साफ कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

तहसील दिवस में सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। क्षेत्रीय लोगों ने शिकायत करते हुए बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी बनी हुई है। जो चिकित्सक तैनात हैं, वे भी नियमित रूप से अस्पताल में नहीं बैठते, जिससे मरीजों को इलाज के लिए घंटों भटकना पड़ता है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल की जांच सुविधाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं।

लैब लंबे समय से बंद पड़ी है, एक्स-रे मशीन जर्जर हालत में है और अल्ट्रासाउंड की सुविधा न होने के कारण मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। वहीं किसानों ने केसर चीनी मिल द्वारा गन्ना भुगतान में देरी का मुद्दा उठाते हुए नाराजगी जाहिर की। किसानों का कहना था कि लंबे समय से भुगतान लंबित होने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने अधिकारियों से शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराए जाने की मांग की।

इसके अतिरिक्त राशन कार्ड न बनने, राजस्व विवाद, भूमि संबंधी मामलों, बिजली आपूर्ति और पेयजल संकट जैसी समस्याएं भी समाधान दिवस में प्रमुखता से उठीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### अस्पताल की बदहाली पर फूटा लोगों का गुस्सा

समाधान दिवस में पहुंचे लोगों ने सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। जांच सुविधाएं बंद होने से गरीब मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### गन्ना भुगतान को लेकर किसानों में नाराजगी

किसानों ने अधिकारियों को बताया कि केसर चीनी मिल पर उनका गन्ना भुगतान लंबे समय से बकाया है। भुगतान न मिलने से खेती-किसानी और घरेलू खर्च चलाने में दिक्कतें आ रही हैं। किसानों ने शीघ्र भुगतान दिलाने की मांग उठाई।

## एक नजर

### पति की जमीन मांगने पर महिला से मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के सुजातपुर निवासी फूल बी ने अपने जेठ समेत चार लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उनके पति मुस्तकिम दिल्ली में काम करते हैं और उनकी पैतृक जमीन गांव रईयानगला में स्थित है।आरोप है कि जमीन पर उनके जेठ अमरूद्दीन खेती करते हैं और कई बार मांगने के बावजूद पति का हिस्सा नहीं दे रहे हैं। इसी विवाद को लेकर आरोपी अपने साथियों के साथ उनके घर में घुस आए और मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि दोबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी दी गई।फूल बी की तहरीर पर मीरगंज पुलिस ने अमरूद्दीन, मुजीम निवासी रईयानगला, हंसारा निवासी सुजातपुर तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गोशाला में जबरन घुसने और मारपीट के आरोप में 25 लोगों पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** फतेहगंज पश्चिमी विकास खंड के गांव खरसेनी स्थित ग्राम पंचायत की अस्थायी गोशाला में जबरन घुसने और कर्मचारियों से मारपीट करने के आरोप में शाही पुलिस ने पांच नामजद समेत 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम प्रधान रामऔतार ने शुक्रवार शाम शाही थाने में तहरीर देकर बताया कि गौरव, जितेंद्र निवासी टिटौली, आकाश निवासी फतेहगंज पश्चिमी, राकेश तथा उनके 20-25 साथी वाहनों से गोशाला पहुंचे और जबरन अंदर घुस गए। गोशाला के केयरटेकर गंगाधर और धर्मेंद्र ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए गंगाधर के साथ मारपीट की।सूचना मिलने पर प्रधान मौके पर पहुंचे और स्थिति तनावपूर्ण देखकर डायल 112 पर सूचना दी। प्रधान का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपियों से गोशाला में प्रवेश की अनुमति के बारे में पूछा तो उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। आरोपियों ने गोशाला में मौजूद गोवंश को कुछ खिलाया और पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही मौके से फरार हो गए।तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी 12 हजार रुपये और टैग की मांग करते हैं तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। प्रधान के अनुसार आरोपी पूर्व में भी गोशाला कर्मचारियों के साथ अभद्रता और मारपीट कर चुके हैं। शाही पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गौशाला में घुसने की कोशिश और रंगदारी मांगने का आरोप, 14 लोगों पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** लालपुर ग्राम पंचायत की अस्थायी गौशाला में जबरन घुसने की कोशिश, कर्मचारियों से मारपीट और रंगदारी मांगने के आरोप में शाही पुलिस ने चार नामजद समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम प्रधान के पति सोमपाल ने शाही थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि शनिवार को कुछ लोग लालपुर स्थित अस्थायी गोशाला पहुंचे और जबरन अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गौशाला के केयरटेकर महेश पाल, कमलेश और भानुप्रताप के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।तहरीर के अनुसार आरोपियों ने घटना का वीडियो बनाकर अखिल भारतीय गौरक्षा परिषद, बरेली के ग्रुप में वायरल कर दिया और गोशाला में पांच गोवंशों की मौत होने का झूठा दावा किया। जबकि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार और पशु चिकित्साधिकारी ने गोशाला का निरीक्षण किया, जहां कोई भी मृत गोवंश नहीं मिला।प्रधान पति का आरोप है कि आरोपी हर माह 10 हजार रुपये की रंगदारी मांगते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि गोवंशों को नुकसान पहुंचाकर उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है तथा गोशाला के कर्मचारियों को भी नुकसान पहुंचाया जा सकता है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर हेमंत गंग. वार, जितेंद्र निवासी टिटौली, आकाश निवासी फतेहगंज पश्चिमी, राकेश तथा उनके 8-10 अज्ञात साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान, घंटों लाइन में लगने के बाद भी लौट रहे खाली हाथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**क्योलड़िया।** क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी कमी से किसानों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद की अनुपलब्धता के कारण गन्ना और धान की फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। किसान खाद के लिए सहकारी समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध न होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

विकासखंड भदपुरा की नौगमा भगवंतपुर सहकारी समिति पर यूरिया खाद मिलने की सूचना मिलते ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। सैकड़ों किसान सुबह से ही समिति के बाहर लाइन लगाकर खड़े हो जाते हैं, लेकिन सीमित स्टॉक होने के कारण अधिकांश किसानों को खाद नहीं मिल पाती। कई किसानों को अगले दिन आने का आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। वहीं, कई बार सर्वर डाउन होने के कारण भी वितरण कार्य प्रभावित हो रहा है किसान शिशुपाल, रामरतन, कुंवरसेन, कल्याण राय, शिवकुमार, जयपाल, अगनलाल और तुलाराम ने बताया कि यूरिया की कमी से फसलों की बढ़वार प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि खाद न मिलने से उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने प्रशासन से जल्द पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है।

### अगले पांच दिनों में आने की उम्मीद 1000 कट्टे यूरिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नौगमा।** भगवंतपुर सहकारी समिति के सचिव चंद्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि शनिवार को प्राप्त 250 कट्टे यूरिया में से किसानों को वितरण किया गया था। वर्तमान में समिति में 48 कट्टे एनपीके और 260 कट्टे डीएपी खाद उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अगले पांच दिनों में लगभग 1000 कट्टे यूरिया आने की संभावना है, जिससे किसानों को राहत मिलेगी सचिव ने बताया कि सर्वर डाउन होने के कारण शनिवार को कुछ किसानों को पॉश मशीन के बिना ही यूरिया वितरित किया गया। किसानों को फार्मर आईडी के आधार पर खाद दी जा रही है, जिसके तहत एक हेक्टेयर भूमि पर एक सीजन में सितंबर तक सात बोरी यूरिया देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि उनके पास नौगमा भगवंतपुर के साथ-साथ भुता की फैजनगर समिति का भी अतिरिक्त प्रभार है, जिससे कार्यभार बढ़ गया है। सर्वर संबंधी समस्याओं के कारण किसानों को वितरण में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### जनगणना के मकान सूचीकरण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वालों का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** तहसील में जनगणना (मकान सूचीकरण) का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में उनकी मेहनत, लगन और जिम्मेदारीपूर्ण योगदान की सराहना की।

सम्मान समारोह में एडीएम न्यायिक देश दीपक तथा तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना का मकान सूचीकरण कार्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों के निर्माण का आधार होता है। ऐसे में इस कार्य को समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से संपन्न कराने में सभी कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान तहसील के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सम्मान प्राप्त करने वाले कर्मियों ने इस सम्मान को अपने कार्य के प्रति प्रेरणा बताते हुए आगे भी पूरी लगन से कार्य करने का संकल्प लिया।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का हुआ सम्मान

- चेयरमैन प्रत्याशी मो. शादाब एसके ने कहा- पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एआईएमआईएम के नेता एवं नगरपालिका चेयरमैन प्रत्याशी मो. शादाब एसके की ओर से पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित करना और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना था।

शुक्रवार को नगर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान मो. शादाब एसके ने क्षेत्र के पत्रकारों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है, जो निष्पक्ष और निर्भीक होकर जनहित से जुड़े मुद्दों को सामने लाता है। पत्रकारिता लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है और पत्रकार समाज तथा प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने सम्मान के लिए आयोजक का आभार व्यक्त किया। समारोह में क्षेत्र के अनेक पत्रकार एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## साप्ताहिक बाजार में जुआं खेलते पांच लोग पकड़े, दो बाइक सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना पुलिस ने साप्ताहिक बाजार में ताश के पत्तों पर रुपये की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते, जुआ फड़ के 2650 रुपये तथा आरोपियों की तलाशी से 5140 रुपये बरामद किए हैं। साथ ही दो मोटरसाइकिलों को भी सीज किया गया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज पंकज कुमार पुलिस टीम के साथ साप्ताहिक बाजार पहुंचे। वहां पेड़ों की आड़ से निगरानी करने पर कुछ लोग मोमबत्ती की रोशनी में ताश के पत्तों पर रुपये की बाजी लगाते मिले।



इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर पांच लोगों को पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपियों में बत्तन निवासी म्यूडी बुजुर्ग थाना शाही, सचिन कुमार, अतर सिंह, शबाब अहमद तथा मिंटू निवासी ग्राम जौनेर शामिल हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

कार्रवाई के दौरान मौके पर खड़ी दो मोटरसाइकिलों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में दर्ज हुई 133 शिकायतें, 3 का हुआ निस्तारण



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज 133 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से मात्र 3 के निराकरण का दावा किया गया है।

एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को आना था लेकिन वह नहीं पहुंच सके, एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा ने आयोजन की अध्यक्षता की।

इस दौरान फरियादियों की भारी भीड़ रही। आयोजन में एस डी एम उदित पवार, सी ओ नीलेश मिश्र, कार्यवाहक तहसीलदार अभिषेक तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य ने शिकायतों को सुना और उनके समय से निस्तारित किए जाने के आदेश दिए। आयोजन में तहसील स्तर के अधिकांश अधिकारियों ने भाग लिया।

## बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़

- शिकायत करने पर परिवार जान से मारने की धमकी
- आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने 8 साल की बच्ची से अश्लील हरकत की। नाबालिग को शिकायत करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला ने 4 जून 2026 को शिकायत दी थी महिला का कहना है कि उसी दिन शाम करीब 5:30 बजे गांव के ही 20 वर्षीय युवक ने उसकी 8 वर्षीय बेटी के साथ अश्लील हरकतें कीं। महिला का कहना बच्ची घर आकर बताया विरोध करने पर आरोपी युवक ने बच्ची को धमकाया कि किसी से कहा तो उसके परिजनों को जान से मार देंगे।

पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर बहेड़ी पुलिस में गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसमें बीएनएस की धारा पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची के बयान दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नौकरी और जेल जाने के डर से फौजी ने किया समझौता, अब मांग रहा है दस लाख और कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एसएसपी के आदेश पर हाफिजगंज पुलिस ने फौजी और उसके भाइयों के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे से सटे एक गांव की एक युवती से थाना हाफिजगंज के गांव अहमदाबाद के फौजी एवरन ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए थे जव उसने शादी के लिए कहा तो उसने शादी से इंकार कर दिया था। इस मामले की रिपोर्ट थाना नवाबगंज में युवती द्वारा बीते वर्ष कराई थी। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी को लेकर कई बार दविश दी लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लग सका था। अपनी फौज की नौकरी और जेल जाने के डर से एवरन फौजी ने मजिस्ट्रेट के सामने युवती से अपने पक्ष में कलम बन्द करा लिए, उसके बाद उसने 2.8.2025 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में शादी का रजिस्ट्रेशन भी करा लिया था। शादी का रजिस्ट्रेशन कराए जाने के बाद पुलिस ने दर्ज की गई रिपोर्ट में अंतिम रिपोर्ट लगा दी। आरोप है कि एवरन फौजी के परिजनों ने युवती को उसके मायके में ही छोड़ दिया कहा कि वह सामाजिक रीति रिवाज के उसे बुलाकर ले जाएंगे। 9 माह गुजर गए लेकिन उसे कोई बुलाने नहीं आया। इस दौरान युवती की मां दो बार अपनी पुत्री को उसकी ससुराल अहमदाबाद छोड़ने गई, लेकिन फौजी के भाइयों और उसकी पत्नी ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि अव एवरन फौजी उससे 10 लाख रुपए और एक कार की मांग कर रहा है।

## एसडीएम, नायब तहसीलदारों की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, न्यायालयों का किया बहिष्कार



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एसडीएम उदित पवार के साथ ही तहसील के नायब तहसीलदारों की कार्य शैली से नाराज अधिवक्ताओं ने आज उनके न्यायालयों का बहिष्कार किया। इसके साथ ही तहसील दिवस में एडीएम वित्त के आने की जानकारी पर अधिवक्ताओं ने तहसील दिवस में जुलूस के रूप में पहुंचकर अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उन्हें तहसील से हटाए जाने की मांग की।

एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार से तहसील के सभी अधिकारियों के न्यायालयों का बहिष्कार किए जाने का ऐलान किया था। जिसके चलते शनिवार को संगठन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, लक्ष्मी नारायन गंगवार, संरक्षक सुधाकर रस्तोगी, उस्मान अली, सुरेश पटेल, मुराद अहमद, मो0 उमर, हरिप्रसाद गंगवार, कुंवर सेन गंगवार, बुद्धसेन कश्यप, उपेन्द्र गंगवार, सईद अब्बास अंसारी, नरेश गंगवार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता जुलूस के रूप में नारेबा. जी करते तहसील परिसर पहुंचे और एसडीएम के साथ ही नायब तहस. ीलदारो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। दूसरी ओर अधिवक्ताओं ने एसडीएम के साथ ही नायब तहसीलदारो की न्यायालयों का बहिष्कार भी किया। अधिवक्ताओं के वहिष्कार किए जाने के कारण वादकारियों को तारीखें लेकर बैरंग लौटना पड़ा।

### आज होगा रामलीला सोसाइटी कार्यकारिणी का नामांकन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** सोसाइटी के चुनाव अधिकारी रमेश चन्द्र श्रीवास्तव और अरुण कुमार शर्मा के मुताबिक सोसाइटी की कार्यकारिणी के 20 सदस्यों के लिए कल आज रविवार को दशरथ भवन पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। अगले दिन यानि 8 जून को नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही नाम वापसी दोपहर दो बजे से शाम 5 बजे तक कि जाएगी। कार्यकारिणी का चुनाव 14 जून को प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के दिए निर्देश, आईजीआरएस मामलों को गंभीरता से लेने की हिदायत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन के साथ बेहतर व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाई जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लाप. रवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समय से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने के बाद संबंधित शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर यह भी सुनिश्चित किया जाए कि वह निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं।

उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशन संबंधी मामलों की जांच कर पात्र व्यक्तियों को नियमानुसार समय से पेंशन उपलब्ध कराई जाए, ताकि लाभार्थियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सड़क, आवास, विद्युत, भूमि, कृषि, राजस्व और चकबंदी विभाग से जुड़ी कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुईं। नवादा शेखान सतीपुर निवासी ने गांव के दबंगों द्वारा खेत पर कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी चतुर्थ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं मोहल्ला एजाज नगर गौटिया निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे निर्माण की दूसरी किश्त जारी न होने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने पीओ डूडा को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ठिरिया निजावत खां निवासी द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य अभियंता विद्युत विभाग को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम परधौली निवासी किसान ने किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, तहसीलदार सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी चतुर्थ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### आईजीआरएस शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी सख्त

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न बने। शिकायतकर्ता से फोन पर संपर्क कर संतुष्टि की पुष्टि भी की जाए, ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिल सके।

### भूमि कब्जा, आवास और बिजली की समस्याएं प्रमुख

सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि कब्जा, प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त, विद्युत ट्रांसफार्मर और किसान सम्मान निधि से जुड़ी शिकायतें प्रमुखता से उठीं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को त्वरित जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

**सूचना**

हमने अपने पुत्र मो. आरिफ व उसकी पत्नी नगमा के गलत संगत में पड़ने के कारण उससे व उसकी पत्नी से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**मो. जमीर पुत्र नंना व हमसीरन पत्नी मो. जमीर निवासीगण ग्राम टांडा छंगा थाना शीशगढ़ तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अमन को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर, मैंने व परिवार ने सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं और मेरे परिवार के अन्य सदस्य उपरोक्त किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शाहीन पत्नी बाबू निवासी -मोहल्ला नूरीनगर लाइनपार थाना व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली**

# संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**डीएम अवनीश राय ने सुनीं फरियादें, 46 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण**



**शाह टइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील सहसवान में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और उनका गुणवत्तापरक निस्तारण तय समय में हो। उन्होंने सार्वजनिक मार्गों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने और जनता को त्वरित राहत देने को प्रशासन की प्राथमिकता बताया।

डीएम ने सहसवान-बदायूं मार्ग का भी जायजा लिया उन्होंने एक जगह डिवाइडर के गैप को भरने और दूसरी जगह कर्व पर शेवरॉन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

इस दौरान जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा, प्रशासन का दायित्व है कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाए कार्यक्रम में पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### 46 शिकायतें प्राप्त, चार का तत्काल समाधान

**समाधान दिवस में कुल 46 शिकायतें दर्ज की गईं। विभागवार आंकड़े इस प्रकार रहे:**

- 'राजस्व विभाग': 23 शिकायतें
- 'पुलिस विभाग': 07 शिकायतें
- 'विकास विभाग': 05 शिकायतें
- 'अन्य विभाग': 11 शिकायतें

इनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के जल्द निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# डीएम की मौजूदगी में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**32 में से महज चार जनशिकायतों का हो पाया निस्तारण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील कलीनगर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 32 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से मौके पर 4 शिकायत का निस्तारण किया गया।

प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि सोयाबीन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र में 50-50 एकड़ के दो सोयाबीन क्लस्टर बनाए गए है। उन्होंने कलीनगर क्षेत्र में बनाए गए सोयाबीन क्लस्टर के 09 प्रगतिशील कृषकों को भारत बीज ब्रांड के उन्नत सोयाबीन बीज के बोरों का नि:शुल्क वितरण किया। उन्होंने कहा कि कृषि सम्बन्धी समस्याओं और तकनीकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## गन्ना राज्यमंत्री के आवास पर किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** गन्ना किसानों अपने बकाया भुगतान की मांग को लेकर शनिवार को कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार के नेतृत्व में संजय रॉयल पार्क स्थित भाजपा सरकार में गन्ना एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के आवास पर पहुंच गए।

किसानों ने गन्ना मूल्य भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया और जल्द भुगतान की मांग उठाई। प्रदर्शन में मौजूद किसानों का कहना है कि चीनी मिलों की ओर से लंबे समय से गन्ने का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेती-किसानी के खर्च, कर्ज और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में दिक्कतें आ रही हैं। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने नारेबाजी करते हुए सरकार और मिल प्रबंधन से तत्काल भुगतान कराने की मांग की। मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली इंस्पेक्टर परमेंद्र कुमार , सुनगढ़ी इंस्पेक्टर नरेश कुमार त्यागी समेत अन्य थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और स्थिति पर नजर बनाए रखी। प्रदर्शन को देखते हुए मंत्री आवास के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसानों से वार्ता करने पर वह लौट गए।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को अवश्य लगवाएं वैक्सीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एचपीवी वैक्सीन नि:शुल्क उपलब्ध: सीएमओ**

**पीलीभीत।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीसी पंत ने जनपद के समस्त अभिभावकों एवं नागरिकों से अपील की है कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव का प्रभावी एवं सुरक्षित माध्यम है।
उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन नि:शुल्क रूप से जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है तथा समय पर टीकाकरण से इस बीमारी के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से इस जनहितकारी अभियान में सहयोग करने तथा पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने की अपील की है।

## पौधारोपण आने वाली पीढ़ियां के लिए एक तोहफा है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। जिसमें उप जिलाधिकारी साई आश्रित शाख मुरी और तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने पौधे लगाए।

आईएएस साई आश्रित शाख मुरी ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है। तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने कहा कि पेड़ लगाकर पर्यावरण को संवारा जा सकता है। यह अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह ने कहा कि इस तरह के अभियानों से हरियाली बढ़ेगी और लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता आएगी।

# जॉइंट डायरेक्टर का बीसलपुर सीएचसी में औचक निरीक्षण

**अनुपस्थित महिला डॉक्टर पर जताई नाराजगी, दिए कार्रवाई के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए स्वास्थ्य विभाग की जॉइंट डायरेक्टर डॉ. रश्मि वर्मा ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस औचक कार्रवाई से अस्पताल प्रशासन और स्टाफ में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक डॉ. नाजनीन आरा समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं थीं। डॉक्टर की इस गंभीर लापरवाही पर जॉइंट डायरेक्टर डॉ. रश्मि वर्मा ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही से विशेषकर प्रसूताओं और दूर-दराज से आने वाली महिला मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है, जो कि अत्यंत चिंताजनक है। अस्पताल में मौजूद कई महिला मरीजों ने भी जॉइंट डायरेक्टर से डॉक्टर के समय पर न आने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए। जॉइंट डायरेक्टर ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. आलमगीर से भी अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं और दवाओं की उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एक सरकारी आवास से जुड़े मामले में त्वरित रुख अपनाते हुए जॉइंट डायरेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) पीलीभीत को पत्र भेजकर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। सीएचसी का निरीक्षण करने के उपरांत जॉइंट डायरेक्टर ने क्षेत्रीय विधायक विवेक वर्मा द्वारा बीसलपुर में प्रस्तावित महिला अस्पताल के लिए चिह्नित किए गए स्थल का भी बारीकी से भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जल्द ही सीएमओ पीलीभीत के माध्यम से शासन को एक विस्तृत प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिसके बाद शासन स्तर से महिला अस्पताल की स्वीकृति पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

डॉ. रश्मि वर्मा ने अंत में जोर देकर कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले तथा अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं हमेशा दुरुस्त रखी जाएं।

## हजरत गाजी कमाल शाह के सालाना उर्स में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर शहर में स्थित सुप्रसिद्ध सूफी संत हजरत गाजी कमाल शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स पाक हर साल की तरह इस वर्ष भी बेहद अकीदत, एहतराम और अभूतपूर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। शनिवार सुबह ठीक 10:00 बजे जैसे ही कुल शरीफ की रस्म शुरू हुई, पूरी दरगाह परिसर और आसपास का इलाका अकीदतमंदों से सराबोर हो गया। इस मुकद्दर मौके पर मुल्क में खुशहाली, आपसी भाईचारे और अमन-चौन के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। इस बार उर्स पाक में मुख्य अतिथि (मेहमाने-खुसूसी) के रूप में बरेली से तशरीफ लाए रजा एक्शन कमेटी के सदर, हजरत अदनान रजा कादरी ने शिरकत की। उन्होंने अपने रूहानी संबोधन में सूफिया-ए-कराम के पैगाम को दोहराते हुए इंसानियत, मोहब्बत और नेक राह पर चलने का संदेश दिया। कुल शरीफ का पूरा और गरिमामयी इंतजाम कारी अजीम तहसीनी की सदारत में सुचारू रूप से संपन्न हुआ। इस पाक महफिल में बीसलपुर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम उलमा-ए-कराम, हाफिज और मस्जिदों के सम्मानित इमाम हजरात मौजूद रहे। सालाना उर्स के इस विशेष मौके पर पूरे क्षेत्र से आए हजारों जायरीन और स्थानीय अकीदतमंदों ने दरगाह शरीफ पर हाजिरी दी। कुल शरीफ के समापन के बाद आए हुए तमाम मेहमानों और जायरीन में तबर्रुक (प्रसाद) तकसीम किया गया।

## उत्साह से मनाया पर्यावरण दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** स्थानीय मोहन सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, पुरानी स्टेट बैंक के निकट विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के व्यवस्थापक आलोक कुमार गुप्ता, अध्यक्ष सत्यप्रकाश, कोषाध्यक्ष संगीता, मनोज कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर शिशु शिक्षा समिति ब्रज के जिला पर्यावरण प्रमुख एवं प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और प्लास्टिक के बहिष्कार पर जोर दिया। कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में अमरूद, तुलसी, केला, लीची आदि के पौधे लगाए गए।

# 'ब्लैक लिबास' के नाम से चर्चित दलाल, खनन माफियाओं का बना मददगार ,जिले में फैला नेटवर्क




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** जिले में अवैध बालू और मिट्टी खनन के संगठित सिंडिकेट पर जिला प्रशासन और पुलिस की महाघेराबंदी का सबसे बड़ा असर सामने आया है। कलेक्ट्रेट और खनन कार्यालय के चक्कर काट रहे दागी माफियाओं और ठेकेदारों के आवेदनों को प्रशासन ने कड़े वेरिफिकेशन के बाद सीधे खारिज कर दिया है। बैक-टू-बैक लग रहे इन करारों झटकों और पैरवी के सारे रास्ते बंद होने के कारण जिले के खनन गलियारों में 'ब्लैक लिबास' के नाम से चर्चित दलाल बुरी तरह बौखला गया है, जो अब तक अफसरों और माफियाओं के बीच की मुख्य कड़ी बना हुआ था।

सूत्रों के अनुसार, यह चर्चित बिचौलिया श्ब्लैक लिबासश अब तक मोटी रकम लेकर फर्जी कागजातों के सहारे परमिशन (अनुमति पत्र) जारी कराने का ठेका लेता था। इसका मुख्य नेटवर्क दातागंज, उसावा, कादरचौक और वजीरगंज,कुंवरगांव, बिनावर जैसे हाई-प्रोफाइल खनन क्षेत्रों में फैला हुआ था।

यह दलाल ऑफिस की सूचनाएं लीक कर देता था, जिसकी वजह से खनन ऑफिस की बदनामी हो रही है, लेकिन इस बार खनन विभाग के अफसर ने ऐसी कड़ाई बरती है कि इस दलाल का पूरा 'नेटवर्क और रसूख' जमींदोज हो गया है।

### बौखलाहट में 'ब्लैक लिबास' अपना रहा हथकंडे

दफ्तरों से बैरंग लौटाए जाने और कुंवरगांव बिनावर क्षेत्र के बालू माफिया द्वारा एडवांस रकम वापस मांगने के दबाव के बाद यह चर्चित दलाल श्ब्लैक लिबासश बुरी तरह आपा खो चुका है। सूत्रों का कहना है कि अपनी साख और डूबते आर्थिक साम्राज्य को बचाने के लिए यह दलाल अब पर्दे के पीछे से ईमानदार अधिकारी,बाबुओं को गुमराह कर फाइलों की हेरफेर करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है। लेकिन जिला मुख्यालय पर जमीनी हकीकत की कड़ी निगरानी के कारण उसकी हर चाल उलटी पड़ रही है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सुरैनी पापड़ी गांव पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मेंथा कारोबारी भाइयों की जहरीली गैस से मौत की खबर मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव एवं जिला उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी सुशीला कोरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र के गांव सुरैनी पापड़ी पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एसडीएम से फोन पर वार्ता कर मृतकों के परिजनों को तत्काल मृतक आश्रितों से मिलकर कृषक दुर्घटना बीमा, पारिवारिक लाभ योजना और विधवा पेंशन देने के अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल सहायता दिलवाने की मांग की। ज्ञात हो कि शुक्रवार को मेंथा कारोबारी बट्टू सिंह के दो बेटों जयवीर यादव एवं राजेश यादव की मौत मेंथा टंकी की सफाई के दौरान हो गई थी।

इस दौरान बेहोश हुए उनके तीसरे बेटे मनवीर यादव का इलाज मुरादाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा है। इतनी दुखद त्रासद घटना से दुखी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुशीला कोरी, जिला उपाध्यक्ष बफाती मियां, जिला सचिव राजीव पटेल, सुरेंद्र सिंह आदि के साथ सुरैनी पापड़ी गांव पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करने मृतकों के आवास पर गए।उन्होंने मृतकों के पिता बट्टू सिंह एवं अन्य परिजनों का दु:ख साझा किया। उन्हें ढांढ़स बंधाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस दु:ख की घड़ी में कांग्रेस पीड़ितों के साथ खड़ी है। उन्होंने इतनी बड़ी त्रासद घटना पर सरकार और प्रशासन की ओर से अब तक कोई सहायता घोषित न किए जाने को संवेदनहीनता करार दिया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-17-2026-27 |
| कार्य का नाम | नॉर्दर्न रेलवे के लखनऊ डिवीज़न में लगाए गए अवनी रावेल (Avani Ravel) मेक के ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन और अलार्म सिस्टम का 36 (छत्तीस) महीनों के लिए सालाना मरम्मत अनुबंध (ARC)। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,35,49,069.00 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,71,000.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.06.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-Sig-Tender-17-2026-27 दिनांक: 03.06.2026 1942/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जोन एवं सेक्टर समीक्षा बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन

**2027 में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद पीलीभीत की 129 विधानसभा पूरनपुर में समाजवादी पार्टी के जोन एवं सेक्टर संगठन की समीक्षा बैठक का आयोजन निजी मंगलम बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह रहे। उनके आगमन पर समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक में जोन एवं सेक्टर प्रभारियों, पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती एवं आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ सिंह ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती तथा जनसंपर्क अभियान को तेज करने का संदेश देते हुए 2027 विजय का मूल मंत्र दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की मजबूती एवं युवा शक्ति की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि समाजवादी पार्टी का संगठन जनपद पीलीभीत में लगातार मजबूत हो रहा है। कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्पण यह स्पष्ट संकेत देता है कि वर्ष 2027 में प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय लेगी। कार्यक्रम में कैडर प्रभारी अरशद दद्दा की भी महत्वपूर्ण मौजूदगी एवं सक्रिय भूमिका रही, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष संजय यादव ने किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जोन एवं सेक्टर प्रभारी तथा बड़ी संख्या में सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया।

## संजय गांधी पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' से वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा संजय गांधी पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, नगर उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता, सभासद अमन वाल्मीकि, सूरज बाथम, अनुज गुप्ता समेत नगर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि धरती माँ को हरा-भरा बनाने और अपनी माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करने का इससे सुंदर माध्यम कोई नहीं हो सकता। उन्होंने नगरवासियों से आह्वान किया कि पर्यावरण दिवस पर हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प ले। अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर लगातार पौधरोपण किया जा रहा है। रोपे गए पौधों की सुरक्षा और देखभाल के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/निर्माण-V, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई-निविदा दो पैकेट में आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | लखनऊ मंडल के फाफामऊ-ऊँचाहार खंड (72.27 KM) दोहरीकरण कार्य के संबंध में कुंडा हरनामगंज, अरखा एवं ऊँचाहार यार्ड में मिट्टी का कार्य, फार्मेशन में ब्लैंकेटिंग का कार्य, छोटे पुलों का विस्तार, लेवल क्रॉसिंग, स्टेशन भवनों एवं प्लेटफॉर्मों का निर्माण, बड़े पुल का निर्माण एवं अन्य सहायक कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 18 (अट्ठारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 6339.06 लाख़ |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 1,26,78,100/- (रु. एक करोड़ छब्बीस लाख अठहत्तर हजार एक सौ मात्र) |
| 5 | प्री बिड कॉनफेरेंस | • बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि – दिनांक 12.06.2026 • प्री बिड मीटिंग- दिनांक- 12.06.2026 समय 11.30 बजे से 13.30 बजे तक • रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि – दिनांक 22.06.2026 स्थान-कार्यालय मुख्य परियोजना प्रबंधक, निर्माण, उत्तर रेलवे, लखनऊ, सेवाग्राम कालोनी के निकट, चारबाग, लखनऊ – 220004 एवं आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर साझा की गई ऑनलाइन वीसी लिंक के माध्यम से भी । |
| 6 | ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 14.07.2026 को 15:00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 14.07.2026 को समय 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 06.06.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 30.06.2026 से 14.07.2026 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या:-18-टेंडर-उप. मं. अधि./नि.- V/लखनऊ, दिनांक 05.06.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1929/26


# सपा के प्रदेश सचिव ने जहरीली गैस हादसें के मृतकों के परिजनों से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सुरैनी पापड़ी में शुक्रवार सुबह दो भाइयों की जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई थी। एक ही परिवार के दो सगे भाइयों की मौत होने से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल है।

शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजेंद्र यादव गुरुजी एवं अमित मथुरिया के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता मृतक जयवीर यादव एवं राजेश यादव के परिजनों से मिलने गांव सुरैनी पापड़ी पहुंचे। सपा नेताओं ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सतपाल यादव, नन्हे यादव, रजनीश पाठक, संतोष यादव, सत्यवान कश्यप, राजपाल दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के निर्देशन में चलाया जा रहा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एफ एन एच डब्ल्यू मॉड्यूल - 2 विषयक चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीते शनिवार को देर शाम संपन्न हुआ जिसमें डी आर पी बीरेंद्र सिंह , ओमपाल सिंह , विपिन शर्मा , लक्ष्मी व बी आर पी रचना , गायत्री , करिश्मा व निर्मला ने सभी महिला प्रतिभागियों को विषयक से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटाई। इस कार्यक्रम में संभल जिले के विकास खंड बनिया खेड़ा , पंवासा व संभल क्षेत्र की लगभग 96 महिलाओं ने प्रतिभाग लिया । कार्यक्रम समापन के अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व हरीश उपाध्याय ने सभी प्रतिभागियों को एक एक बैग व एक एक छायांकन प्रति भेंट कर शुभ - कामनाएं दीं । यह कार्यक्रम 0 3 जून 2026 से 06 जून 2026 तक संभल जिले के गांव आटा में स्थित एक संस्थान पर आयोजित किया गया ।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में आठ बिखरे परिवारों का हुआ पुनर्मिलन

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में संचालित पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक शनिवार को पुलिस लाइन बहजोई में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने की, जबकि थानाध्यक्ष डॉ. रूकमपाल सिंह भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने स्वयं उपस्थित रहकर दो जटिल मामलों की सुनवाई की। इनमें कई वर्षों से अलग रह रहे दंपतियों एवं उनके परिवारों को समझाइश देकर सुलह-समझौते के आधार पर पुनः एक साथ रहने के लिए राजी कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से बातचीत और समझौते के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग के दौरान कुल 104 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिनमें से 28 का निस्तारण किया गया। बैठक में आपसी सहमति और समझौते के आधार पर आठ परिवारों का पुनर्मिलन कराया गया। वहीं पांच मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इसके अलावा 15 पत्रावलियां आवेदक अथवा आवेदिका के उपस्थित न होने या मामले में रुचि न दिखाने के कारण बंद कर दी गईं।

इस अवसर पर काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, पूनम अरोड़ा, कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता, बबिता शर्मा और सीमा आर्य सहित कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी ज्योति तथा विनीता मौजूद रहीं। अधिकारियों ने कहा कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य आपसी संवाद के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर परिवारों को टूटने से बचाना है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण

**चन्दौसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल द्वारा न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर डॉ. विदुषी सिंह ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण



बढ़ाने तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है। वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ मानव जीवन के लिए प्राणवायु, छाया और प्राकृतिक संसाधनों के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इसलिए वृक्षारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी आवश्यक है। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रागिनी, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट अवधेश कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक कुमार जायसवाल, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सहित न्यायालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चन्दौसी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं 75 शिकायतें, सात का मौके पर निस्तारण

**चन्दौसी।** तहसील चंदौसी में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से सात मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। राजस्व विभाग में कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से चार का निस्तारण किया गया। पुलिस विभाग से 12 शिकायतें आईं, जिनमें से एक का निस्तारण हुआ। चकबंदी विभाग से आठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक मामले का निस्तारण किया गया। विकास विभाग से 10, खाद्य एवं रसद विभाग से पांच और समाज कल्याण विभाग से दो शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन इन विभागों में किसी भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।इसके अलावा अन्य श्रेणी में 16 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से एक शिकायत का निस्तारण किया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल चालक को रोकने गया दामाद बोनट पर लटका

**चन्दौसी।** मुरादाबाद रोड पर अकरौली चौराहे के पास शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने लगा। आरोप है कि उसे रोकने का प्रयास करने



वाले घायल के दामाद को चालक ने कार के बोनट पर लटका लिया और करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र के विकास नगर निवासी द्विजेंद्र कुमार शुक्रवार शाम मुरादाबाद से बाइक द्वारा लौट रहे थे। बनियाठेर थाना क्षेत्र स्थित अकरौली चौराहे के पास वह अपने दामाद श्यामेंद्र के घर जाने के लिए रुके थे। इसी दौरान पीछे से आई एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में द्विजेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर मौजूद श्यामेंद्र ने कार चालक को रोकने का प्रयास किया और वाहन के सामने खड़े हो गए। आरोप है कि चालक ने कार रोकने के बजाय उसकी रफ्तार बढ़ा दी, जिससे श्यामेंद्र कार के बोनट पर आ गिरे। इसके बाद भी चालक वाहन दौड़ाता रहा और युवक को करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया। सौभाग्य से श्यामेंद्र को गंभीर चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने कार का पीछा करते हुए बदायूं चुंगी के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। इसके बाद कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया। उधर, घायल द्विजेंद्र कुमार को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना बनियाठेर प्रभारी बोंबंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस-2026: दूसरे दिन स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**चन्दौसी।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के दूसरे दिन नगरपालिका परिषद चन्दौसी द्वारा अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश के नेतृत्व एवं आईटीसी एमएसके के तत्वावधान में वार्ड संख्या 24 लक्ष्मणगंज में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पार्षदों, गणमान्य व्यक्तियों एवं स्थानीय नागरिकों को "सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026" के अंतर्गत चार बिन आधारित कचरा पृथक्करण (सेग्रिगेशन) की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम)-2.0 के विभिन्न घटकों जैसे विजिबल क्लीननेस, सोर्स सेग्रिगेशन, पिट कंपोस्टिंग प्वाइंट, घरेलू हानिकारक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वास्थ्यकर अपशिष्ट कलेक्शन प्वाइंट, आरआरआर सेंटर, एमआरएफ सेंटर तथा लिगेसी वेस्ट रेमेडिएशन के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इस अवसर पर 'स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति' के सदस्य, जनप्रतिनिधि, पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ सपा का प्रदर्शन, सड़क पर उतरे सैकड़ों कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी ने महंगाई, बेरोजगारी, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों तथा पेपर लीक की घटनाओं को लेकर शनिवार को बिलारी तहसील क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया। सपा नेता राजेश यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में विभिन्न स्लोगन लिखे बैनर और तख्तियां लेकर मार्च निकाला। "अबकी बार अखिलेश सरकार" और "भाजपा तेरे राज में, कटोरा आ गया हाथ में" जैसे नारों के साथ सपाइयों ने सरकार की नीतियों का विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्म रहा और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। सपा नेता राजेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में युवाओं के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि



सरकार रोजगार उपलब्ध कराने में विफल साबित हुई है, जिससे पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं में निराशा बढ़ रही है।राजेश यादव ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से परेशान है और बदलाव चाहती है। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और कहा कि वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश को नई दिशा देने का काम करेगी।

## दादा लाही जमीन पर रात के अंधेरे में दबंगी के बल पर कर रहे निर्माण

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव धीगरपुर में दादा लाही जमीन पर रात के अंधेरे में जमीन पर कर रहे अवैध निर्माण को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी बताते चलें कि रहीसन पत्नी शाहिद अली ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र मैं बताया कि मेरे देवर जेठ व मेरे पति की जमीन गाटा संख्या 1206, 1207 मैं हमारे नाम है जो की दादा इ लाही से चली आ रही है जिसमें गांव के ही कुछ लोग रात के अंधेरे में जबरदस्ती अवैध रूप से निर्माण कर रही थी इसकी सूचना जब मेरे पति शाहिद अली आसिया बेगम अवैध निर्माण रोकने को मना किया तो अवैध निर्माण कर रहे लोगों ने हमारे साथ मारपीट की व मेरी देवरानी के कपड़े भी फाड़े। जमीन हड़पने का प्रयास किया था जो की नाकाम रहा, जिसमें आज फिर रात के अंधेरे में अवैध निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा था, फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों के एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है।

## नशा मुक्ति के लिए रविवार को बिश्नोई आश्रम में लगेगा कैंप

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नशा मुक्ति के लिए बिश्नोई आश्रम में रविवार 7 जून को एक कैंप का आयोजन किया जाएगा उक्त जानकारी गोरखनाथ सनातन संघ परिवार यतीश कुमार ठाकुर द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि आज काफी लोग नशे की गिरफ्त में आ गए हैं और नशा मुक्ति केंद्रों में पैसा खर्च करके भी नशे की पकड़ से आजाद नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए उन्हें रविवार को यह दवाई मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी इस दौरान राहगीरो के लिए शरबत का वितरण भी होगा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में यह शिविर संचालित होगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस पावन अवसर पर आकर लाभ उठाए जाने का आह्वान भी किया।

# सहसपुरी में 'खेती बचाओ अभियान' के तहत किसानों को दी फसल सुरक्षा की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा के तत्वावधान में ब्लॉक डीलारी के ग्राम सहसपुरी में 'खेती बचाओ अभियान' के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केवीके के पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किया। वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों व कीटों की पहचान, समेकित कीट प्रबंधन आईपीएम तथा जैविक व रासायनिक उपायों के संतुलित उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, "फसल की सुरक्षा समय पर करें ख़ सही दवा, सही मात्रा और सही समय पर छिड़काव ही किसान की असली पूँजी है।"उन्होंने बताया कि वर्तमान मौसम में खरीफ फसलों में दीमक, तना छेदक तथा पत्ती धब्बा रोग का प्रकोप बढ़ रहा है। इनसे बचाव के लिए बीज शोधन, नीम आधारित कीटनाशकों के उपयोग और फसल चक्र अपनाने की सलाह दी।



किसानों की मिट्टी स्वास्थ्य को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खेतों में आ रही समस्याएं साझा कीं। वैज्ञानिक ने उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान प्रस्तुत किया और फसल बचाव के व्यावहारिक तरीके समझाए। कृषि विभाग से प्राविधिक सहायक ब्रह्म सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों ने 'खेती बचाओ अभियान' की सराहना की और इसे किसानों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम में क्षेत्र के महिपाल, सतेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, चेतराम, कैलाशो देवी, अशरफी देवी सहित लगभग 30 प्रगतिशील किसानों व महिला कृषकों ने भाग लिया।कृषि विज्ञान केंद्र ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाएंगे ताकि किसान वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर फसल का नुकसान कम कर सकें और उत्पादन बढ़ा सकें।

# भाकियू अराजनीतिक ने किसानों की समस्याओं को लेकर दिया धरना, डीएम ने दिलाया समाधान का भरोसा



**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नेता चौधरी महेंद्र सिंह रंधावा के नेतृत्व में आज कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और वहां पर धरना शुरू कर दिया। किसान नेताओं का कहना था कि किसानों को इस समय खाद की जरूरत है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है और मिलता भी है तो उसके लिए कई शर्त किसानों को पूरा करने में दिक्कत बनी हुई है। उनका कहना था की किसान कृषि कार्ड 5 साल के लिए बनाया जाता है लेकिन बैंक उन्हें हर साल नवीनीकरण करती है जिससे किसान को साल के साल पूरी रकम इकट्ठा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि बैंक केवल 1 वर्ष का ब्याज जमा करा कर ही किसान कार्ड का रिनुअल करें। दूसरी ओर किसानों को 7 प्रतिशत ब्याज किसान कार्ड पर ब्याज देना होता है लेकिन बाद में 3 प्रतिशत की छूट आती है और 4 प्रतिशत जमा करना पड़ता है। मगर छूट के आने में उसे काफी वक्त लगता है जिससे किसान को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि बाद में छूट न देकर किसान से 4 प्रतिशत के हिसाब से ही रकम जमा कराई जानी चाहिए, आदि शिकायत किसान नेताओं ने उठाई जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायतों के समाधान का भरोसा दिलाया और कहा कि वह किसानों के साथ है इस मौके पर काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दो दोषियों को 20-20 साल की सख्त कैद

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने जुनावई थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को तमंचे की नोक पर बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के अति-जंघनीय और गंभीर मामले में सुनवाई पूरी करते हुए दोनों मुख्य दोषियों इंद्रपाल पुत्र महीपाल (निवासी ग्राम लावर) और विजयपाल पुत्र नेमचंद (निवासी ग्राम बंदरई) को पॉक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत दोषी पाते हुए 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है; जबकि मामले की सह-आरोपी महिला विद्यावती पत्नी नेमचंद को न्यायालय ने साक्ष्यों व ठोस गवाहों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह खौफनाक वारदात 4 जून 2023 की रात करीब 8 बजे घटित हुई थी,

जब आरोपी विद्यावती पीडिता को शौच कराने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने बाजरे के खेत में ले गई थी, जहां पहले से ही घातक हथियार के साथ घात लगाकर बैठे विजयपाल और उसके फुफेरे भाई इंद्रपाल ने नाबालिग को दबोच लिया और तमंचे के बल पर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ बारी-बारी से दरिंदगी करते हुए सामूहिक दुष्कर्म किया। पुख्ता गवाहों व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर दोनों दोषियों पर दोष सिद्ध कराकर उन्हें उनके अंजाम तक पहुँचाया।

# सूबे में बनेगी सपा की सरकार, सिखों को मिलेंगे हक-अधिकारः कुलदीप सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में सिख सामाजिक न्याय यात्रा शनिवार को मुरादाबाद पहुंची। इस यात्रा का उद्देश्य 2027 में सपा की सरकार बनाना और सिख समाज को उनके हक दिलाना है। भुल्लर ने सिख आयोग के गठन की मांग की और सिखों को राजनीतिक शक्ति पहचानने का आग्रह किया। सपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में सूबे में निकाली जा रही सिख सामाजिक न्याय यात्रा शनिवार को मुरादाबाद पहुंची। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय में हुई मासिक बैठक में कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि पीडीए के दम पर 2027 में सूबे में सपा की सरकार बनेगी। इसमें सिख समाज अहम भूमिका निभाएगा। सपा की सरकार बनने पर प्रदेश में सिख समाज के लोगों हक और अधिकार मिलेंगे। कहा कि पंजाब के बाद उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सिख निवास करते हैं। प्रदेश की 13 लोकसभा और विधानसभा की 50 से 60 सीटों पर उनका महत्वपूर्ण प्रभाव है, लेकिन उनकी राजनीतिक शक्ति नगण्य है। कहा कि विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर सिख समाज को



न्याय दिलाने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। भुल्लर ने प्रदेश भर के सिखों से एकजुट होने और अपनी राजनीतिक ताकत को पहचानकर उसे हासिल करने का आग्रह किया। सिख समाज के लिए अलग से विश्वविद्यालय अथवा बड़ा शैक्षिक संस्थान स्थापित कराया जाए। जहां पर 70 सालों से समाज के लोग जमीन पर काबिज है, उन्हें 50 साल को आधार मानते हुए मालिकाना हक दिया जाए। मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा भाजपा ने देश का स्वर्ण-मान बेच दिया है। देश की जनता को समझ में आया कि भाजपा सरकार सोना खरीदने से मना क्यों कर रही थी क्योंकि अगर सोना जनता के पास चला जाता तो ये बेचते कैसे। जनता को समझ में आ गया है कि भाजपाई भ्रष्टाचार ने देश की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह खोखला कर दिया है। मासिक बैठक मे जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव,पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान, जिला महासचिव फुरकान अली, अतहर हुसैन अंसारी,मौ उस्मान एडवोकेट, दिलप्रीत सिँह,परमजीत सिँह भुल्लर, अमरजीत सिँह,कश्मीर सिँह धर्मेन्द्र यादव,तालिब अंसारी,लाखन सिँह सैनी,धीरज पाल सिँह,जहानउल्ला खान,नौशाद पाशा, आदित्य चौधरी, शीरीगुल, संजीव चौधरी,आश्कार पाशा, वसीम कुरैशी, प्रेमबाबू बाल्मीकि,सुरेंद्र शर्मा,हाजी रईसऊदीन नईमी, अफरोज खान,परवेज अली,जयकुमार प्रजापति, मौ महमूद, तुषार रस्तोगी,प्रदीप यादव, योगेन्द्र यादव, नाजिर खान,जिगरी मलिक, लुकमान खान,सुशील यादव, शहजाद हुसैन,करीम खान राहुल यादव, रशीद मलिक वाजिद मलिक, लवी पाशा, बालकिशन शर्मा, हरपाल सिँह, जावेद अंसारी, क्यामुद्दीन सैफी मनोज चौधरी इकबाल हुसैन, जावेद आलम, मौ नबी,आदि प्रमुख थे।

## एक नजर

### भाजपा की कांठ मंडल बैठक का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कांठ की मासिक बैठक मंडल कार्यालय कांठ में की गई जिसमें मंडल प्रभारी चौधरी



विक्रांत सिंह ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों जनकल्याण शिविर, प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला, वृक्षारोपण अभियान, योग दिवस तथा बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुखों के गठन को लेकर चर्चा की। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों को सफल बनाने एवं संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सभासद ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर उठाएं परिसीमन पर सवाल, कहा नगर के पानी की निकासी के लिए हो नाला निर्माण

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सभासद चमन ने नगर पंचायत कांठ के परिसीमन को लेकर तैयार नक्शे पर सवाल खड़े किए और कहा कि नगर के पानी निकासी के लिए नाला निर्माण होना चाहिए। मोहम्मद असद के साथ तहसील पहुंचे सभासद चमन का कहना था की नगर पंचायत द्वारा कोई मीटिंग नहीं की जाती और सभासदों से सूचनाओं को गोपनीय रखा जाता है उन्होंने कहा कि नया गांव और कासमपुर को परिसीमन के दायरे में लाने की तैयारी की जा रही है जो कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है और कांठ में पहले से ही मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं इसलिए इसके स्थान पर मुख्तियारपुर नवादा महमूदपुर माफी और मोडी हजरतपुर को जोड़ा जाना चाहिए जिससे मतदाताओं का अनुपात बराबर हो सके। इसके अलावा उन्होंने खेतों में बह रहे नगर के पानी को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि हजारों बीघा जंगल नगर के पानी के खेतों में फैलने के कारण बर्बाद है और अब कुछ नए नालों का निर्माण होने के कारण नगर के पानी की मात्रा बढ़ जाने से यह पानी भी इन्हीं खेतों में जाने वाला है। उन्होंने कहा कि पानी निकासी की व्यवस्था कराने के लिए काफी समय से भारतीय किसान यूनियन और अन्य संगठनों द्वारा मांग की जा रही है लेकिन अभी तक इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया उन्होंने खादर क्षेत्र में नाला निर्माण कराकर नगर पंचायत से निकलने वाले पानी की माकूल व्यवस्था कराने की मांग उठाई। ज्ञापन पर अमित सिंह देवन सिंह छिद्धा सिंह लीलावती रामदेव सिंह जबर सिंह जसवंत सिंह मनोज कुमार आदि ने भी हस्ताक्षर किए है।

### बिजेंद्र सिंह डिलारी थाना के बने प्रभारी निरीक्षक

**डिलारी।** विजेंद्र सिंह ने डिलारी थाना प्रभारी के रूप में कार्यवाल संभाल लिया है कार्यभार संभालते ही उन्होंने स्टाफ की बैठक करके संवेदनशील क्षेत्र में रात्रि की गस्त बढ़ाने और शिकायत लेकर आने वाले फरियादों की सुनवाई करने के निर्देश जारी किए हैं नए थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने आम आदमी से मिलने के लिए प्रतिदिन सुनवाई हेतु व्यवस्था करने के निर्देश भी स्टाफ को दिए हैं उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में आमजन के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने बताया कि महिला अपराध और साइबर क्राइम पर विशेष नजर रहेगी साथ ही छोटी-छोटी कमियों को दूर कर आमजन के दिलों में पुलिस के प्रति भरोसा दिलाएंगे थाने में शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकर्ताओं की हर संभव मदद की जाएगी अपने कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी अगर कोई कानून को अपने हाथ में लेगा तो उसे किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा पीड़ितों को न्याय दिलाना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी, थाना प्रभारी ने आगे बताया कि पीड़ित स्वयं अपनी समस्या लेकर थाने आए हर संभव पीडित फरियादी की मदद की जाएगी।



### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन




**कांठ( शाह टाइम्स )**शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में प्राचार्य दिनेश यादव के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें जनपद मुरादाबाद को निपुण जनपद बनाने हेतु निपुण सेल द्वारा प्रोजेक्ट एसोसिएट के पद हेतु डायट प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार किया गया जिसमें डी एल एड प्रशिक्षण बैच 2021, 2022, 2023 के कुल 31 प्रशिक्षुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रथम चरण में कुल 9 प्रशिक्षुओं को शॉर्ट लिस्ट किया गया है, उक्त प्रशिक्षुओं में से 04 प्रशिक्षुओं को द्वितीय चरण हेतु साक्षात्कार के बाद प्रोजेक्ट एसोसिएट के रूप में जनपद मुरादाबाद में ब्लॉकवार नियुक्त किया जाएगा जिनके द्वारा 50 विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने हेतु कार्य किया जाएगा ।

कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में डायट प्रवक्ता आशुतोष त्यागी तथा निपुण सेल से साक्षात्कार हेतु सुश्री सिमरन उपस्थित रहीं ।प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में भविष्य में भी डायट प्रशिक्षुओं हेतु इस प्रकार के आयोजनों को आयोजित कराया जाता रहेगा, जिससे अधिक से अधिक प्रशिक्षु लाभान्वित हो सकें ।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ''डिजिटल कौशल और भविष्य के करियर'' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (एसबीएम) के सहयोग से ''डिजिटल कौशल और भविष्य के करियर'' विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सत्र के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने



कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के सफल एलुमनाई अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। इस सत्र में विश्वविद्यालय से पीएचडी (2014) बैच की पास आउट छात्रा व वर्तमान में विल्सोनिया डिग्री कॉलेज, मुरादाबाद में विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत डॉ. सारिका खन्ना मुख्य वक्ता रहीं। डॉ. खन्ना ने अपने वक्तव्य मे कहा कि डिजिटल साक्षरता अब वैकल्पिक नहीं रही, यह आधुनिक रोजगार बाजार की नींव है, जो भविष्य के करियर को आगे बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा एनालिटिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकी विशेषताओं को एकीकृत करने की आवश्यकता है। आयोजन सचिव व स्कूल की शिक्षिका डॉ. चारू दत्ता ने एल्यूमिना डॉ. खन्ना व अन्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, होटल मैनेजमेंट की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया के अलावा डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. आरती गर्ग, डॉ. निखिल गुप्ता और डॉ. शेफाली अग्रवाल आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका डॉ. स्वाति राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सत्र के दौरान एसबीएम के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों उपस्थिति रही तथा 82 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# नकलविहीन परीक्षा के लिए डीएम-एसपी ने परखी तैयारियां

## सीसीटीवी से होगी हर गतिविधि पर नजर, डीएम-एसपी ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शनिवार को जिला मजिस्ट्रेट डॉ. नितिन गौड़ व पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।दोनों अधिकारियों ने नगर के एकेके इंटर कॉलेज व जोया के भगवत शरण इंटर कॉलेज में पहुंचकर परीक्षा संबंधी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली की जांच की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराई जाए। डीएम डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। केंद्रों पर पेयजल, स्वच्छ शौचालय, साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में जनरेटर की व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने और प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्ती बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाए। जिले में यह परीक्षा 8, 9 व 10 जून को 10 केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें कुल 28,224 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में 4,704 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**तीन दिन चलेगी परीक्षा, 10 केन्द्रों पर 28 हजार 224 अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित**



### परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को पुलिस लाइन में ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। डीएम डॉ. नितिन गौड़ व पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सघन चेकिंग, अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र व पहचान पत्रों के सत्यापन, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने को कहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक और अपर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# वीडियो वायरल होने से खुली मारपीट की पोल

## तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट कर उसे सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने युवक को रोककर बेरहमी से पीटा, हाथ-पैर जोड़कर माफी मांगने के लिए मजबूर किया तथा घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत की, जिस पर तीन आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

संभल जिले के थाना असमोली क्षेत्र के गांव मनसूरपुर माफी निवासी सालिम पुत्र सिपते हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र शमी छह मई की दोपहर करीब तीन बजे अपने फूफा के घर से वापस लौट रहा था। आरोप है कि डब्ल्यूटीएम डिग्री कॉलेज के निकट गांव के ही अदीब, सलवी और सुबहान ने उसे रोक लिया। तीनों ने मिलकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़ित पक्ष के अनुसार आरोपितों ने शमी को हाथ-पैर जोड़कर माफी मांगने के लिए मजबूर किया। इस दौरान घटना का वीडियो भी बनाया गया। आरोप है कि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपित मौके से फरार हो गए। घटना के बाद भयभीत युवक ने परिवार को इसकी जानकारी नहीं दी। पांच जून को जब मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तब स्वजन को पूरे घटनाक्रम का पता चला। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने डिडौली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

**युवक को हाथ पैर जोड़कर माफी मांगने पर किया मजबूर**

# दीपांशु अपहरण कांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार

## 25 हजार ईनाम था घोषित, कार भी बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दीपांशु अपहरण कांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फरार चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी झम्मन उर्फ राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अपहरण में प्रयुक्त कार भी बरामद की गई है। इससे पहले पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर चुकी थी।



जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव मुस्तफापुर नवादा निवासी किसान अमर सिंह के बेटे दीपांशु के पास 15 मई की दोपहर संभल निवासी विजेंद्र नाम के व्यक्ति की काल आई थी तथा उसे मिलने के लिए रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी में बुलाया था। आरोप है कि विजेंद्र ने दीपांशु से किसी प्लाट की खरीद-फरोख्त की बात करने के बहाने से बुलाया था। दोनों एक दूसरे को पहले से जानते थे। दिल्ली में दोनों की मुलाकात हुई थी। आरोपियों ने दीपांशु का अपहरण कर लिया तथा उसे कार में डाल कर ले गए थे। रात में ही अपहरणकर्ताओं ने दीपांशु के परिजनों को काल कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। बेटे के अपहरण की सूचना मिलने पर परिजनों ने रजबपुर पुलिस को सूचना दे दी थी। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर बदमाशों की शिनाख्त में जुट गई थी। 16 मई को दीपांशु के चचेरे भाई के पास दूसरी काल आई तथा बदमाशों ने फिरौती की रकम पांच के बदले चार लाख रुपये कर दी थी। पुलिस के कहने पर परिजनों ने फिरौती की रकम देने के लिए बदमाशों को रजबपुर क्षेत्र में बुलाया था। जहां पहले से तैयार पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया था। रात लगभग 11 बजे खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश टांग में गोली लगने से घायल हो गए थे तथा तीसरे को भी पुलिस ने पकड़ लिया था। जबकि उनका चौथा साथी फरार हो गया था। पुलिस ने अपहृत दीपांशु को सकुशल बरामद कर लिया था। गोली लगने से घायल बदमाशों की शिनाख्त विजेंद्र सिंह प्रजापति निवासी ग्राम मानकपुर थाना धनारी तथा धर्मेंद्र निवासी ग्राम खेड़ा खास थाना बनियाठेर जिला संभल के रूप में हुई थी। पकड़ा गया तीसरा बदमाश योगेश पाल उर्फ रवि निवासी ग्राम सरथल थाना बिलारी जिला मुरादाबाद तो फरार बदमाश झम्मन उर्फ राजकुमार निवासी गांव अकबरपुर थाना गुन्नौर जिला संभल था। एसपी ने उस पर 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित किया था। थानाध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि शनिवार को झम्मन उर्फ राजकुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से अपहरण में इस्तेमाल कार भी बरामद कर ली है।

# बंद मकान से लाखों का माल ले उड़े चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** कस्बे के मोहल्ला शिवपुरी में बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। घटना का पता तब चला जब परिवार बाहर से लौटकर घर पहुंचा। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

मोहल्ला शिवपुरी निवासी पिंकी सैनी अपने बच्चों के साथ 3 जून को हरिद्वार गई थीं। घर बंद होने के कारण उन्होंने मकान की देखरेख की जिम्मेदारी किरायेदार को सौंपी थी, लेकिन वह भी किसी काम से बाहर चला गया था। शुक्रवार रात करीब नौ बजे जब परिवार वापस लौटा तो घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा मिला। जांच में सामने आया कि चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़े बिना पूजा कक्ष की खिड़की की लोहे की जाली काटकर घर में घुसे थे। इसके बाद उन्होंने कमरे में रखी सेफ अलमारी का लॉकर तोड़ दिया और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़िता के अनुसार चोर तीन जोड़ी सोने के कुंडल, सोने की चेन, मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठियां तथा चांदी के आभूषण समेत लाखों रुपये का सामान ले गए हैं। सूचना मिलने पर शहर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### खिड़की काटकर घर में घुसे चोर



# घर के ताले तोड़कर पांच लाख के जेवर चोरी

### रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** कस्बे के सदर दरवाजे के पास स्थित एक मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये के सोने के आभूषण चोरी कर लिए। घटना का पता शनिवार सुबह तब चला, जब परिवार के लोग मकान के दूसरे हिस्से से कमरे की ओर पहुंचे।

पीड़ित नासिमुद्दीन जैद ने बताया कि सुबह कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी कोशिश के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो एक कारपेंटर को बुलाकर दरवाजा खुलवाया गया। अंदर जाकर देखा तो कमरे के ताले टूटे पड़े थे और अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। लॉकर में रखा गोल्ड का बॉक्स भी गायब था। पीड़ित के अनुसार गोल्ड बॉक्स में करीब सवा तीन तोला सोने के आभूषण रखे थे, जिनकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये बताई जा रही है। चोरी की जानकारी मिलते ही परिवार के होश उड़ गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

# समस्याओं के समाधान तक जारी रहेगा संघर्ष

### मांगों को लेकर कलक्ट्रेट में गरजी भाकियू शंकर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना तथा किसानों के लंबित नलकूप बिजली कनेक्शन जारी करने की मांग को लेकर भाकियू शंकर ने कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने बिजली, सिंचाई और गन्ना भुगतान समेत विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में शनिवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि किसानों और आमजन की कई समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने मध्य गंगा नहर फेस-2 में पानी छोड़े जाने, आवारा पशुओं व हिंसक कुत्तों के आतंक से राहत दिलाने, डिडौली क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना, जर्जर विद्युत लाइनों के सुधार तथा किसानों के लंबित नलकूप विद्युत संयोजनों को पूरा कराने की मांग उठाई। जिला अध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह ने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने तथा सोलर रूफटॉप योजना में हो रही अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। धरने में हरप्रीत हैप्पी, बबीता रानी, मंजू चौधरी, पूनम चौधरी, संगीता रानी, प्रियंका भटनागर, रश्मि यादव, नीतू रानी, रीना रानी, कपिल चौधरी, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



### गंगा एक्सप्रेस वे पर स्कॉर्पियों में पीछे से घुसी बाइक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे पर मंगरोला और उझारी के बीच एक बार फिर तेज रफ्तार का खतरनाक रूप देखने को मिला। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे एक तेज गति से दौड़ रही स्कॉर्पियो गाड़ी के सामने अचानक एक आवारा सांड आ गया। रफ्तार तेज होने के कारण स्कॉर्पियो सांड को जोरदार टक्कर मारते हुए रुक गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल खुद को संभाल नहीं पाई और सीधे स्कॉर्पियो के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के क्षतिग्रस्त हो गई। इस दोहरे हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे पेट्रोलिंग टीम और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहाँ उनका इलाज जारी है। एक्सप्रेसवे पर आवारा पशुओं का आना एक बार फिर बड़ी चिंता का विषय बन गया है।

## एक नजर

### बच्चों के विवाद में देवरानी को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर दो सगे भाइयों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना में एक महिला घायल हो गईद्य जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।गांव निवासी सतपाल सिंह और उनके बड़े भाई बलवीर सिंह का परिवार एक ही गांव में रहता है। शनिवार सुबह दोनों परिवारों के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। आरोप है कि शिकायत करने पर बलवीर सिंह और उनकी पत्नी केला देवी ने गाली-गलौज करते हुए सतपाल सिंह की पत्नी सुषमा देवी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गई।घायल सुषमा देवी ने जेठ बलवीर सिंह और जेठानी केला देवी के विरुद्ध थाना डिडौली में तहरीर दी है। पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए जोया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### ई रिक्शा पलटा, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के पलौला गांव निवासी बब्लू सिंह शनिवार सुबह ई-रिक्शा से जोया से अपने घर लौट रहे थे। जोया - मनोटा रोड स्थित असगरीपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंचने पर अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक ई-रिक्शा के नीचे दबकर घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को ई-रिक्शा के नीचे से बाहर निकाला और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसका उपचार जारी है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने में रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने पड़ोसी युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री शुक्रवार तड़के घर से चली गई थी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक सिंटू पुत्र निवासी इकोंदा उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।तहरीर के आधार पर डिडौली पुलिस ने आरोपित सिंटू के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### हादसे में युवक की मौत, डेढ़ माह बाद मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना क्षेत्र में 27 अप्रैल को हुए सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। बाद में एसपी से गुहार लगाने पर कार्रवाई हुई। पुलिस ने अब संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक भारत निवासी ग्राम बेरखेड़ा, थाना बहजोई (संभल) था, जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। मेरठ में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

### भाकिसं का संगठन विस्तार पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** भारतीय किसान संघ की मासिक एवं संगठनात्मक बैठक शनिवार को विकास खंड गंगेश्वरी परिसर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और गांव-गांव तक किसान संघ की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा ने कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान तेज करने का आह्वान किया। बैठक के बाद किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन लेखाकार संजय वर्मा को सौंपा गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दहेज में पांच लाख न मिलने पर पत्नी को निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** दहेज में प्लॉट व पांच लाख की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति व सास समेत जेठ-जिठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। देहात थाना क्षेत्र के गांव मालीपुर निवासी ज्योति के मुताबिक साल 2022 में उसकी शादी गांव के रहने वाले रंजीतपाल से हुई थी। परिजनों ने हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था जो ससुरालियों की नजर में नहीं आया। आरोप है कि शादी के बाद से ही उस पर दहेज में प्लॉट व पांच लाख दिलाने का दबाव बनाया जाने लगा, विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। घर बसाने के लिए पिता ने दानपत्र से एक प्लॉट नाम कर दिया लेकिन इसके बाद भी आरोपियों द्वारा प्रताड़ित करना बंद नहीं किया गया। बेटी को जन्म देने के बाद आरोपियों ने और ज्यादा परेशान करना शुरू कर दिया तथा बीते दिनों मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

# यशपाल का निलंबन वापस नहीं हुआ तो देंगे धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह एवं प्रांतीय एकाउंटेंट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला मंत्री मुकेश चौधरी ने किया।

शनिवार को आयोजित बैठक में जिला मंत्री मुकेश चौधरी ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा द्वारा 21 मई 2026 को जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह को बिना किसी स्पष्टीकरण और बिना किसी ठोस कारण के नियम विरुद्ध तरीके से निलंबित कर दिया गया है। इस तानाशाही पूर्ण कार्रवाई से जिले के समस्त शिक्षकों, शिक्षा-मित्रों और अनुदेशकों में गहरा आक्रोश है। डॉ० पृथ्वी सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक पूरे मनोयोग से शिक्षण कार्य के साथ-साथ अन्य सभी विभागीय कार्यों को कर रहे हैं। इसके बावजूद उनके साथ इस तरह का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संगठन ने इस संबंध में सांसद कंवर सिंह तंवर और शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो से मिलकर बीएसए अमरोहा की कार्यशैली की शिकायत करने का निर्णय लिया है। सभी पदाधिकारियों और शिक्षकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि यदि यह निलंबन जल्द वापस नहीं लिया गया, तो पूरे उत्तर प्रदेश के संगठन पदाधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षामित्रों के साथ मिलकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, अमरोहा पर एक विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में अनीस अहमद, रामवीर सिंह, योगेश चौधरी, जितेंद्र कटारिया, राहुल कुमार, धर्मेंद्र शर्मा और सोम सिंह सहित कई शिक्षक नेता उपस्थित रहे।



# किशोरी के अपहरण के दोषी को चार साल की सजा

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** न्यायालय ने किशोरी के अपहरण के दोषी को चार वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

किशोरी का अपहरण करने के मामले में कोर्ट ने हरदोई के युवक को चार साल जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा था। साल 2024 में यहां रहने वाले एक किसान की 16 वर्षीय बेटी को हरदोई जिले के बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के गांव चंद्रपुर खेराई मजरा नेमापुर निवासी अजय प्रताप बहलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया था लेकिन कोई सुराग नहीं मिला था। इसके बाद किसान ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से किशोरी को उड़ीसा से बरामद कर लिया था। इसके बाद आरोपी अजय प्रताप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में आरोपी को जमानत मिल गई थी। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय की कोर्ट में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी द्वारा की जा रही थी। शनिवार को कोर्ट में इस मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों आधार पर कोर्ट ने अजय प्रताप को दोषी करार दिया। चार साल जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# टीम इंडिया के आगे पस्त हुए अफगान गेंदबाज

## अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के पहले दिन कप्तान गिल व केएल राहुल ने जड़े शतक

■ भारत ने पहले दिन तीन विकेट के नुकसान पर 368 रन पर विशाल स्कोर बनाया

**मुल्लांपुर, वार्ता।** कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 103 ) और केएल राहुल (100) के शानदार शतकों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन शनिवार को 85 ओवर में तीन विकेट पर 368 रन का विशाल स्कोर बना लिया। शुभमन गिल ने अच्छा टॉस जीता और टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया। और जमकर रन बटोरे।

टेस्ट में बड़ा सवाल यह था कि क्या वे लंबे और कठिन टी20 सीजन के बाद रेड-बॉल क्रिकेट की मांगों के लिए जल्दी से खुद को ढाल पाएंगे, और इसका जवाब जोरदार हां था। यशस्वी जयसवाल (24) को छोड़कर हर





बल्लेबाज ने अहम योगदान दिया। केएल राहुल और गिल ने शानदार शतकों के साथ नेतृत्व किया, जबकि साई सुदर्शन (81) और ऋषभ पंत (नाबाद 50) ने अच्छी तरह से संकलित अर्द्धशतक बनाए। कुछ शतकीय साझेदारियां भी हुई, जिससे भारत को 368 रन पर मजबूत स्थिति में दिन खत्म करने में मदद मिली। आज का दिन गिल और राहुल के नाम रहा।

गिल ने 143 गेंदों की नाबाद शतकीय पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। राहुल ने 185 गेंदों पर शतक में 11 चौके लगाए। साथ ही सुदर्शन और पंत ने भी अच्छी पारी खेली। सुदर्शन ने 104 गेंदों पर 81 रन में 13 चौके लगाए जबकि पंत ने 70 गेंदों पर नाबाद 50 रन में दो चौके और तीन छक्के लगाए। हालांकि अफगानिस्तान ने कई कैच छोड़े। पहले राहुल के खिलाफ आसान रिव्यू नहीं लिया गया। फिर सुदर्शन का कैच टपकाया गया और उसके बाद पंत का भी कैच छोड़ा गया। टेस्ट कप्तान के तौर पर गिल का शानदार प्रदर्शन जारी है। अब कल भारत कोशिश करेगा कि एक ऐसे स्कोर तक पहुंचे, जहां से उन्हें फिर बल्लेबाजी न करनी पड़े। अफगानिस्तान ने कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत की। मौसम बेहद गर्म था और उनके गेंदबाजों, विश. ाकर तेज गेंदबाजों ने पहले दो सत्रों के दौरान जोरदार प्रयास किया। हालांकि, अंतिम सत्र में उनका उत्साह खत्म होता दिखाई दिया, जो शायद बताता है कि उन्होंने दूसरी नई गेंद नहीं लेने का फैसला क्यों किया। वह विकल्प कल सुबह उपलब्ध रहेगा जब गेंदबाज तरोता. जा होंगे और परिस्थितियां अधिक अनुकूल हो सकती हैं। आज दुसरे दिन भी उम्मीद जताई जा रही है कि विकेट अच्छा खेलेंगी और पिच से खूब रन निकलेंगे।

### सवांगकेव को हराकर एला बर्मिंघम ओपन के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम, वार्ता।** फिलीपींस की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा एला ने थाईलैंड की मनानचाया सवांगकेव को हराकर 2026 बर्मिंघम ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। शुक्रवार को खेले गए महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मुक. ाबले में एला ने सवांगकेव को 6-3, 6-2 से टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की नंबर 37 खिलाड़ी पहले सेट में पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करते हुए 48 मिनट में सेट जीत लिया। दूसरे सेट में, एला ने ब्रेक लेकर 4-2 की बढ़त बनाई और फिर दो और गेम जीतकर सेट और मैच को 6-2 से अपने नाम किया। अब दोनों खिलाड़ियों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 1-1 का हो गया है। सवांगकेव ने 2024 ताकासाकी ओपन के क्वार्टर-फाइनल में हुए तीन सेट के मुकाबले में एला को हराया था। मैच के बाद एला ने कहा, मैंने मैच का अंत बहुत अच्छे एहसास के साथ किया।

**खेल विशेष**

### मैत्री मुकाबले में तजाकिस्तान ने भारत को 3-1 से हराया

**तुर्सुनजोदा, वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम को शुक्रवार को खेले गए मैत्री मुकाबले में ताजिकिस्तान से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। यह जून के फीफा अंतर्राष्ट्रीय विडो के दौरान होने वाले दो 2026 अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल फेंडली मैचों में से पहला मैच था। शेरिद्दीन बोबोएव ने (नौंवे), मेहरूबोन करीमोव ने (62वें) और एहसोनी पन्शानबे ने (68वें) मिनट में मेजबान टीम के लिए गोल किए। जबकि फारुख चौधरी ने (89वें) मिनट में डायरेक्ट फ्री-किक से गोल करके भारत को सांत्वना गोल दिलाया। लंदन में यूनिटी कप में जमैका और जिम्बाब्वे से हारने के बाद भारत की यह लगातार तीसरी हार थी। खालिद जमील की कोचिंग वाली भारतीय टीम लंदन से सीधे तजाकिस्तान पहुंची थी। ताजा फीफा फुटबॉल रैंकिंग में 137वें स्थान पर मौजूद भारत ने शुरुआत में ही दुनिया की 103वें नंबर की टीम तजाकिस्तान पर दबाव बनाने का प्रयास किया।

### कोलाज स्पोर्ट्स क्लब की ईस्ट दिल्ली राइडर्स पर 10 रन की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए प्रतिठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के ग्रुप ए लीग मुकाबले में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को शनिवार को 10 रन से रोमांचक शिकस्त दी। टॉस जीतकर ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 238 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से दीपक पुनिया ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 29 गेंदों में नाबाद 64 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 7 छक्के शामिल रहे।

### सानिका के शानदार अर्धशतक से आकाश टाइगर्स को मिली पहली जीत

**मुंबई, वार्ता।** आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब्स ने सानिका चालके के शानदार अर्धशतक की मदद से शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ठाणे स्काई राइजर्स पर सात विकेट की आसान जीत के साथ उद्घाटन नुवामा प्राइवेट टी20 मुंबई महिला लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की। 157 रनों का पीछा करते हुए, टाइगर्स ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए चार गेंद शो रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। सानिका ने 36 गेंदों में 68 रनों की शानदार पारी खेलकर शुरुआत से ही लक्ष्य निर्धारित कर दिया। उन्होंने हुमैरा काजी (18) के साथ केवल 7.2 ओवर में 69 रन की महत्वपूर्ण शुरुआती साझेदारी की। जबकि काजी ने सहायक भूमिका निभाई, सानिका ने गेंदबाजों पर आक्रमण करते हुए 10 चौके और दो छक्के लगाए।

# प्रज्ञानंद ने आखिरी राउंड में नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता



■ भारतीय ग्रैंडमास्टर ने जर्मनी के विसेंट कीमर को क्लासिकल प्रारूप में हराकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की

■ महिला वर्ग में असाउबाएवा ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता, आखिरी राउंड में तीन निर्णायक क्लासिकल गेम हुए

**ओस्लो (नॉर्वे), वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने आखिरी राउंड में जीत हासिल कर नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने अंतिम और 10वें राउंड में जर्मनी के विसेंट कीमर को क्लासिकल प्रारूप में हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

इस राउंड में वेस्ली सो से आधे अंक पीछे रहने के बावजूद, प्रज्ञानंद को पता था कि जीत उन्हें लीडर से आगे निकलने की मजबूत स्थिति में पहुंचा देगी। शुक्रवार को सफेद मोहरों के साथ विसेंट कीमर का सामना करते हुए, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने मौके का पूरा फायदा उठाया और एक अहम जीत हासिल की। पूरे 3 अंक मिलने से प्रज्ञानंद के कुल 18 अंक हो गए और उन्होंने पहला स्थान पक्का कर लिया। इस जीत के साथ इस टूर्नामेंट को जीतने वाले प्रग्गनानंदा पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। वेस्ली सो, जो आखिरी दिन से पहले टूर्नामेंट में आगे चल रहे थे, ने अलीरेजा फिरोजो के खिलाफ अपना क्लासिकल गेम बराबरी (ड्रॉ) पर खत्म किया। बाद में सो ने आर्मागेडन गेम जीता और अतिरिक्त अंक हासिल किए। ओस्लो में शानदार टूर्नामेंट के बाद फिरोजा तीसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डोम्माराजू के बीच हुआ मुकाबला कार्लसन की क्लासिकल जीत के साथ खत्म हुआ। नॉर्वेजियन स्टार ने लंबे संघा के बाद जीत हासिल की और टूर्नामेंट का समापन जीत के साथ किया। 10वें राउंड के बाद, प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने 18 अंकों के साथ नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता। वेस्ली सो 17 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### मोदी ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीतने पर ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद को बधाई दी



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब जीतने के लिए भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद रमेशबाबू को बधाई दी है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रज्ञानंद को बधाई देते हुए कहा है कि यह वास्तव में एक अद्भुत उपलब्धि है जो उनके लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को दिखाती है। श्री मोदी ने भविय के प्रयासों के लिए भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रज्ञानानंद को बधाई! यह वाकई एक अद्भुत उपलब्धि है जो उनके लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को दिखाती है। उनके भविय के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने आखिरी दौर में जीत हासिल कर नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब अपने नाम किया।

### प्रज्ञानंद के नॉर्वे चेस जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर पूरे देश को गर्व है: गौतम अडानी



**अहमदाबाद, वार्ता।** अडानी स्पोर्ट्सलाइन ने शनिवार को ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद आर को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट 2026 का खिताब जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूरे देश को उनके इस प्रतिठित टॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर गर्व है। 20 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद ने दुनिया नंबर वन मैग्नस कार्लसन, मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डी, अलीरेजा फिरोजा, वेस्ली सो और विसेंट कीमर जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता। इस दौरान, उन्होंने कार्लसन को दो बार हराया और गुकेश के खिलाफ एक अहम क्लासिकल जीत दर्ज की।

# चोटिल कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल भारतीय वनडे टीम में

■ विराट जुलाई के मध्य में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेल पाएंगे, चेनकर्ता अजीत अगरकर ने जताई उम्मीद



**मुंबई, वार्ता।** हाल ही में सम्पन्न हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान मांसपे. शियों में खिचांव के कारण विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है। 13 जून से शुरू होने वाली इस सीरीज के लिए कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है।

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने आगामी टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए इस बात की पुटि की। उन्होंने ने कहा कि उम्मीद है कि कोहली जुलाई के मध्य में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेल पाएंगे। अगरकर ने कहा, विराट को (आईपीएल) फाइनल में चोट लगे हुए अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है। हमें अभी ठीक-ठीक समय का पता नहीं है। लेकिन ऐसा लगता है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए फिट हो सकते हैं। यह कोई पक्का जवाब नहीं है, इसलिए इसे मेरी बात न मान लें। मुझे अभी फिजियो से कोई स्पट समय-सीमा नहीं मिली है। आईपीएल में कोहली जबरदस्त फॉर्म में थे। उन्होंने 165-85 के स्ट्राइक रेट से 675 रन बनाए, जो आईपीएल में उनके अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक है और आरसीबी को अपना आईपीएल खिताब बचाने में मदद की। जायसवाल, जो भारत के लिए 50 ओवर के फॉर्मेट में रेग. ुलर खिलाड़ी नहीं हैं, ने छह महीने पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पिछले वनडे मैच में शुभमन गिल की गैर-मौजूदगी में नाबाद शतक लगाया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि हार्दिक पांड्या और रोहित शर्मा के वनडे सीरीज में हिस्सा लेने से पहले उनकी फिटनेस मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। सैकिया ने पुटि की।

# मनीषा भानवाला व नेहा सांगवान ने जीते स्वर्ण पदक उलानबतोर

■ जगरेब ओपन में मिली कामयाबी के बाद, रैंकिंग सीरीज में यह उनका इस साल का दूसरा स्वर्ण पदक है

**(मंगोलिया), वार्ता।** एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय पहलवान मनीाा भानवाला और नेहा सांग. वान ने उलानबतोर ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में क्रमशः महिला 57 किलोग्राम और 59 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। 62 किलोग्राम वर्ग की पूर्व एशियाई चैंपियन मनीाा भानवाला ने शुक्रवार को 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोन इल-सिम को पिनफॉल से हराया।

मनीषा भानवाला ने फाइनल मुकाबले में सोन इल-सिम को महज 4 मिनट के भीतर पिन करके जीत दर्ज की।

जगरेब ओपन में मिली कामयाबी के बाद, रैंकिंग सीरीज में यह उनका इस साल का दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय पहलवान ने तुर्की की एल्विरा सुलेमान कमालोग्लू को हराया था। वहीं, नेहा सांगवान ने 59 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में उत्तर कोरिया की प्योल हांग को 5-3 से हराकर उलानबातर ओपन में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पहलवान ने पिछले साल मंगो. लिया में 57 किलोग्राम वर्ग जीता था। पूर्व अंडर-17 विश्व चैंपियन नेहा ने पांच मुकाबले जीतकर इस साल अपना दूसरा रैंकिंग सीरीज पदक जीता। उन्होंने फरवरी में मुहम्मेट मेलो में रजत पदक जीता था। इस बीच, नीलम को 50 किलोग्राम वर्ग में कजाकिस्तान की मारल तंगिरबेर्गेनोवा के खिलाफ तकनीकी श्रेठता के आधार पर 10-0 से हराकर कांस्य पदक से संतोा करना पड़ा। इससे पहले सेमीफाइनल में उन्हें पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की अंकी बाओ से हार का सामना करना पड़ा था। महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में मीनाक्षी गोयत स्थानीय पहलवान त्सोग्ट-ओी. चरिन नामुंटसेत्सेग से रेपेचेज राउंड में हारकर पोडियम से बाहर हो गईं। हर्ाििता 72 किलोग्राम वर्ग में पदक जीतने में असफल रहीं। भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवानों ने भी अपने पदकों की संख्या में बढ़त बनाई। साहिल ने 60 किला. ेग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि उनके हमवतन सुमित दलाल ने इसी महीने एशियाई खेलों के ट्रायल जीते थे। वह चोट की वजह से कांस्य पदक मुक. ाबले से पीछे हट गए।

# भारतीय टीम ने जीता महिला अंडर-18 एशिया कप का कांस्य पदक

**(जापान), वार्ता।** भारतीय अंडर 18 महिला हॉकी टीम ने शनिवार को तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में कोरिया पर 3-0 की शानदार जीत के साथ महिला अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक अपने नाम किया। संदीप कुमारी ने (दूसरे), कप्तान स्वीटी कुजूर (16वें) और नौशीन नाज ने (33वें) मिनट में गोल किए और भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर अपनी जगह पक्की की।

सेमीफाइनल में चीन से शूटआउट में मिली करीबी हार के बाद वापसी करने के इरादे से उतरी भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की और शुरुआती दो मिनटों में ही बढ़त बना ली। संदीप कुमारी दूसरे मिनट में गोलकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मैच का माहौल भारत के पक्ष में बन गया। भारत ने गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा और अटैकिंग सर्कल में लगातार मौके बनाए। उनकी मेहनत 16वें मिनट में रंग लाई, जब कप्तान स्वीटी कुजूर ने (16वें) मिनट में मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया और टीम दूसरे क्वार्टर में बेहतर स्थिति में पहुंची। दो गोल की आरामदायक बढ़त के साथ, भारत ने ब्रेक के बाद भी खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और 33वें मिनट में अपनी बढ़त को और बढ़ा दिया। टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर नौशीन नाज ने (33वें) मिनट में शानदार मैदानी गोल करके अपना नाम स्कोरशीट में दर्ज कराया।

# एशियाई खेलों में होगी बुमराह की वापसी

## उससे पहले वह भारतीय टीम के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड नहीं जाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ होने वाली टी 20 सीरीज के अलावा श्रेयस अय्यर एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। आईपीएल 2026 के बाद यह पहली बार होगा जब जसप्रीत बुम. राह टीम के साथ जुड़ेंगे। उससे पहले वह भारतीय टीम के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड नहीं जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भी तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाया गया है और वैभव सूर्यवंशी को टीम में शामिल किया गया है।



जापान के आइची प्रीफेक्चर में 2026 एशियन गेम्स 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। इसका कार्यक्रम वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की तीन मैचों की वनडे सीरीज से टकरा रहा है, जो 27 सितम्बर से 3 अक्टूबर के बीच खेली जाएगी। इसके बाद 6 अक्टूबर से पांच टी20 मैचों की सीरीज होगी। एशियन गेम्स की पुरुा क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 फॉर्मेट में खेली जाएगी और 24 सितम्बर से शुरू होगी। फाइनल 3 अक्टूबर को खेला जाएगा। स्वर्ण पदक के लिए भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, जापान, नेपाल, मलेशिया, हांगकांग और ओमान समेत 10 टीमें मुकाबला करेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 24 से 26 सितम्बर के बीच क्वालिफायर मुकाबलों से होगी। इसके बाद 28 और 29 सितम्बर को क्वार्टर फाइनल खेले जाएंगे। सेमीफाइनल एक अक्टूबर को होंगे, जबकि कांस्य और स्वर्ण पदक के मुकाबले 3 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। भारत ने अक्टूबर 2023 में चीन के हांगझोउ में हुए पिछले एशियन गेम में पुरुा वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था। अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल 18-2 ओवर के बाद बारिश की वजह से रद्द हो गया था, जिसके बाद उच्च वरीयता प्राप्त टीम होने के कारण भारत को विजेता घोाित किया गया था। 2026 एशियन गेम्स की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से 22 सितम्बर के बीच खेली जाएगी। स्वर्ण पदक के लिए बंगलादेश , भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, जापान, थाईलैंड, मलेशिया और चीन की टीमें चुनौती पेश करेंगी। भारत ने 2023 एशियन गेम्स में महिला क्रिकेट का भी स्वर्ण पदक जीता था। टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया था। एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन, इशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नीतीश रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरूण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

# अमेरिका-ईरान फिर सैन्य टकराव के करीब

## दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किए

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच तनाव एक बार फिर सीधे सैन्य टकराव के बेहद करीब पहुंच गया। दोनों पक्षों ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किए। खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष विराम की परीक्षा के बीच ईरान के अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागे जाने के बाद अमेरिकी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी ड्रोन और रडार ठिकानों को निशाना बनाया।

इसी दौरान एक अन्य मोर्चे पर इजरायल-लेबनान में संघर्ष विराम समझौता होने के बावजूद इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच झड़पें तेज हो गई हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर यह युद्धविराम लागू है, लेकिन जमीन पर इसका पालन बेहद कमजोर नजर आ रहा है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि ईरानी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। शुरुआती आकलन के अनुसार, अमेरिकी सेना ने कुवैत और बहरीन को निशाना बनाकर दागी गई सात मिसाइलों में से छह को हवा में ही नष्ट कर दिया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही गिर गई। बयान में कहा गया है कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सेंटकॉम ने कहा कि बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं। इससे पहले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया था कि उसने 'क्षेत्र में मौजूद दुश्मन के ठिकानों' पर हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में सक्रिय जहाजों के लिए सीधा खतरा बने ईरान के चार हमलावर ड्रोन को मार गिराया गया। जवाब में अमेरिका ने गोरुक और केश्म द्वीप पर स्थित ईरान के रडार और तटीय रक्षा ठिकानों पर हमले किए। ये वे महत्वपूर्ण ठिकाने हैं, जहां से तेहरान समुद्री यातायात पर नजर रखता है। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को रक्षात्मक कदम बताया। इसका उद्देश्य वाणिज्यिक जहाजरानी मार्गों की रक्षा करना और भविष्य के हमलों को रोकना है। ईरान ने इस घटनाक्रम को अलग तरह से पेश किया है। वहां की अर्ध-सरकारी 'मेहर न्यूज एजेंसी' ने खबर दी है कि ईरानी बलों ने जलडमरूमध्य के पास चेतावनी के तौर पर गोलीबारी की थी, जो संभवत: क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों की नई तैनाती के जवाब में की गई थी। ईरान ने पूरे क्षेत्र में दुश्मन के ठिकानों को सफलतापूर्वक निशाना बनाने का भी दावा किया, हालांकि सेंटकॉम ने बहरीन में अमेरिकी पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की रिपोर्टों का सिरे से खंडन किया है। तड़के सुबह बहरीन और कुवैत में हवाई हमले के सायरन गूंज उठे। कुवैत की सेना ने कहा कि वह मिसाइलों और ड्रोनों के खतरों का सक्रियता से जवाब दे रही है। हालांकि किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन इस चेतावनी ने यह साफ कर दिया है कि जब भी अमेरिका-ईरान के बीच टकराव होता है, तो खाड़ी देश कितने जोखिम में आ जाते हैं। लेबनान के सरकारी मीडिया के अनुसार, शुक्रवार को वहां स्थिति और अधिक हिंसक हो गई, जहां दक्षिण में हुए इजरायली हमलों में 20 से अधिक लोग मारे गए।



■ बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं

### अमेरिका ने ईरान की छह बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया: सेंटकॉम

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर दागी गई ईरान की कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। सेंटकॉम के अनुसार अमेरिकी बलों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के चार एकतरफा हमला करने वाले (आत्मघाती) ड्रोन मार गिराए जाने के बाद, ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। सेंटकॉम ने दावा किया कि ईरान की छह मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। उसने यह भी कहा कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को नुकसान नहीं पहुंचा। कमान ने ईरान के उन दावों को भी खारिज कर दिया, जिनमें बहरीन स्थित अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की बात कही गई थी।

### शांति शक्ति संतुलन पर निर्भर, खोखले वादों पर नहीं: ईरानी सलाहकार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा है कि स्थाई शांति केवल शक्ति संतुलन के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने विरोधियों के साथ किसी भी तरह के समझौते या 'खोखले वादों' पर भरोसा करने के खिलाफ चेतावनी दी है। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विलायती ने कहा कि ईरान के बढ़ते प्रभाव को लेकर पश्चिमी देशों की चिंताएं अब हकीकत में बदल चुकी हैं और वैश्विक स्तर पर 'शक्ति का एक नया ढांचा' उभर कर सामने आया है। उन्होंने पश्चिमी मीडिया की उन रिपोर्टों का हवाला दिया जिनमें कहा गया है कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए एक अस्थाई समझौते की कोशिश कर रहा है। विलायती ने इसे 'ईरान को डराने की नीति की विफलता' और 'प्रतिरोध की जीत' के रूप में वर्णित किया। विलायती ने क्षेत्रीय ताकतों को राजनीतिक समझौते के जरिए अपने प्रतिरोध को कमजोर न करने की चेतावनी दी।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव से भारत नाराज

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 7 जून को होने वाले विधानसभा चुनावों का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान जिस क्षेत्र पर अवैध और जबरन कब्जा किए हुए है, वहां चुनाव कराने की उसकी योजना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जिसमें गिलगित-बाल्टिस्तान भी शामिल है, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है।

इसलिए पाकिस्तान को उन क्षेत्रों में किसी भी तरह की राजनीतिक प्रक्रिया चलाने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव कराने जैसी गतिविधियां वहां की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकतीं। गिलगित- बाल्टिस्तान में रविवार को 10 जिलों की 24 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। यह भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा है। हालांकि, यह पाकिस्तान के कब्जे में है। इसी वजह से वहां होने वाले हर चुनाव या राजनीतिक कदम पर भारत आमतौर पर आपत्ति दर्ज कराता है।



■ कहा: इससे अवैध कब्जा वैध नहीं होगा, 7 जून को 24 सीटों पर वोटिंग

गिलगित-बाल्टिस्तान में साढ़े पांच साल बाद चुनाव हो रहे हैं। इससे पहले यहां नवम्बर 2020 में चुनाव हुए थे, जिनमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जीत हासिल की थी। यहां का कार्यकाल 5 साल का होता है। 2020 में चुनी गई विधानसभा ने नवम्बर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया था। नियमों के मुताबिक इसके बाद नए चुनाव कराए जाने थे, लेकिन खराब मौसम और प्रशासनिक कारणों से मतदान समय पर नहीं हो सका। क्षेत्र में सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी होती है, जिससे कई इलाकों में आवागमन प्रभावित हो जाता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति राजधानी योजना आयोग ने ग्रेट ट्रायम्फल आर्क परियोजना को दी मंजूरी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रीय राजधानी योजना आयोग ने वाशिगटन डीसी में ग्रेट ट्रायम्फल आर्क (विशाल विजय मेहराब) की योजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने परियोजना के पक्ष में 8.1 से मतदान करने के लिए आयोग को धन्यवाद दिया। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि राष्ट्रीय राजधानी योजना आयोग को बहुत-बहुत धन्यवाद जिसने आर्लिंगटन मेमोरियल ब्रिज के आधार पर बनने वाले भ आर्क डी ट्रायम्फ को 8-1 के बहुमत से मंजूरी प्रदान की है। इस संरचना की 200 वर्षों से अधिक समय से प्रतीक्षा की जा रही थी।

### ट्रम्प के साथ किसी भी परमाणु समझौते पर भरोसा नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार एवं इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के पूर्व कमांडर-इन-चीफ मोहसिन रेजाई ने वर्ष 2015 के जेसीपीओए समझौते से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पीछे हटने का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ फिलहाल परमाणु पर कोई बातचीत नहीं होगी।

रेजई ने यह भी कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गई है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ट्रम्प को कदम उठाना चाहिए। ईरानी मीडिया के अनुसार, आईआरजीसी के पूर्व प्रमुख ने अमेरिका को दोबारा आक्रामकता दिखाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने फिर से सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुना, तो वह एक अंधेरी और अंतहीन सुरंग में प्रवेश कर जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध और नाकेबंदी जारी रही तो ईरान इस टकराव को फारस की खाड़ी से आगे हिंद महासागर, लाल सागर, बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य और भूमध्य सागर तक बढ़ा सकता है। रेजाई ने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत गतिरोध पर पहुंच गई है और ईरान के फ्रीज किए गए फंड को जारी करना विश्वास बहाली के लिए एक जरूरी परीक्षा है। उन्होंने 'सीएनएन' से कहा कि अब गेंद ट्रम्प के पाले में है और ईरान के रोके गए फंड को जारी करना विश्वास बहाली के उपाय के रूप में काम करेगा।

■ ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गई है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ट्रम्प को कदम उठाना चाहिए

### सूडानी नागरिक की जांच रिपोर्ट आई इबोला निगेटिव, अस्पताल से जल्द मिलेगी छुट्टी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद के सरकारी गांधी अस्पताल के इबोला आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराए गए एक संदिग्ध सूडानी यात्री की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की है कि मरीज में इबोला वायरस का कोई संक्रमण नहीं पाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह यात्री गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा था। हवाई अड्डे पर थर्मल स्क्रीनिंग के दौरान उसे हल्का बुखार पाया गया, जिसके बाद एहतियात के तौर पर उसे तुरंत अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था।

# अमेरिका-ईरान समझौता जब्त संपत्तियों की रिहाई पर निर्भर: मोहसिन रज़ाई

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ सलाहकार मोहसिन रजाई ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी संभावित समझौते की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि ट्रम्प प्रशासन ईरान की 24 अरब डॉलर की जब्त की हुई संपत्तियों को जारी करने की मांग स्वीकार करता है या नहीं। सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार रजाई ने कहा कि अब अगला कदम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उठाना है।

उन्होंने कहा कि वार्ताएं गतिरोध की स्थिति में हैं और इस गतिरोध को तोड़ना ट्रम्प की जिम्मेदारी है। गेंद अब ट्रम्प के पाले में है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सैन्य टकराव फिर शुरू हुआ तो संघर्ष का दायरा फारस की खाड़ी से कहीं आगे तक फैल सकता है। रजाई के अनुसार ईरान चाहता है कि अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर होते ही 12 अरब डॉलर जारी किए जाएं, जबकि शेष 12 अरब डॉलर बाद में दिए जाएं। उन्होंने कहा कि यह राशि जारी करना विश्वास बहाली का महत्वपूर्ण कदम होगा और युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते तक पहुंचने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प वास्तव में ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं तो यह 24 अरब डॉलर विश्वास की परीक्षा है। अमेरिका को यह परीक्षा पास करनी होगी, तभी आगे का रास्ता खुलेगा। यह हमारा अपना पैसा है, अमेरिका का नहीं। यह मांग ऐसे समय सामने आई है जब ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय तनाव जैसे मुद्दों पर संभावित समझौते के लिए अप्रत्यक्ष वार्ताएं जारी हैं, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अमेरिकी अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इस स्तर पर ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने से वार्ता में अमेरिका की दबाव बनाने की क्षमता कम हो सकती है। रजाई ने संभावित सैन्य कार्रवाई के परिणामों को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई करता है तो ईरान युद्ध का दायरा बढ़ा देगा। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से लेकर हिद महासागर, बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य, लाल सागर और भूमध्यसागर तक के रणनीतिक समुद्री मार्गों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघर्ष को नया आयाम दिया जा सकता है।

■ वार्ताएं गतिरोध की स्थिति में हैं और इस गतिरोध को तोड़ना ट्रम्प की जिम्मेदारी है: रज़ाई



# ट्रम्प सरकार की जासूसी करा रहा इजरायल

## बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी अधिकारी, इजरायल बोला: आरोप झूठा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल के बीच ईरान को लेकर मतभेद बढ़ रहे हैं। इस बीच अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) के भीतर यह चिंता बढ़ गई है कि इजरायल अमेरिकी अधिकारियों और ट्रम्प सरकार की अंदरूनी जानकारी जुटाने के लिए जासूसी की कोशिश कर रहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक दो मौजूदा और एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि पेंटागन की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) ने हाल ही में इजरायल से जुड़े काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाकर 'क्रिटिकल' कर दिया है। यह एजेंसी का सबसे गंभीर अलर्ट माना जाता है। अमेरिका और इजरायल जैसे बेहद करीबी सहयोगियों के बीच ऐसा होना बेहद असाधारण माना जाता है। हालांकि इजरायल ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। इजरायली दूतावास का कहना है कि वह अमेरिकी अधिकारियों की जासूसी नहीं करता और उसकी खुफिया एजेंसियां सहयोगियों नहीं, बल्कि दुश्मनों पर नजर रखती हैं। काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाने का सबसे ज्यादा असर उन अमेरिकी अधिकारियों पर पड़ सकता है जो इजरायल की यात्रा करते हैं या इजरायली अधिकारियों के साथ सीधे संपर्क में रहते हैं। हालांकि अमेरिका और इजरायल के बीच खुफिया जानकारी साझा करने का सहयोग फिलहाल जारी रहेगा। एक अमेरिकी अधिकारी ने एनबीसी को बताया कि अमेरिका पहले से ही अपने सीनियर अधिकारियों की इजरायल यात्रा के दौरान खास सावधानी बरतता है। इजरायल में रह रहे अमेरिकी अधिकारी अपने फोन-लैपटाप का इस्तेमाल करने से बचते हैं। वे बर्नर फोन (इस्तेमाल कर फेंक दिए जाने वाले फोन) और खास कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते हैं। कई बार वे होटल के कमरों या ऐसी जगहों पर संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करने से भी बचते हैं, जहां निगरानी का खतरा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि इजरायली खुफिया एजेंसियां जानकारी जुटाने के मामले में काफी आक्रामक मानी जाती हैं। हालांकि अधिकारियों ने यह भी कहा कि ऐसा कोई एक बड़ा घटनाक्रम नहीं था जिसकी वजह से खतरे का स्तर अचानक बढ़ाया गया हो। इसके बजाय कई घटनाओं और आकलनों के आधार पर यह फैसला लिया गया। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है जब ईरान को लेकर ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। अप्रैल में युद्धविराम के बाद ट्रम्प ईरान के साथ एक बड़े समझौते की कोशिश कर रहे हैं, जबकि नेतन्याहू का मानना है कि ईरान किसी समझौते का पालन नहीं करेगा।



■ अमेरिका और इजरायल जैसे बेहद करीबी सहयोगियों के बीच ऐसा होना बेहद असाधारण माना जाता है

### अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा और छद्म वित्तीय नेटवर्क पर कड़े किए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान के खिलाफ बड़ी आर्थिक कार्रवाई करते हुए उसके एक 'संगठित नेटवर्क' पर नए प्रतिबंधों का एलान किया है। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार, यह नेटवर्क 'अवैध ऊर्जा व्यापार और वैश्विक वित्तीय धोखाधड़ी' में लिप्त था। इसके जरिए दक्षिण और पूर्वी एशिया के बाजारों में करोड़ों डॉलर मूल्य की ईरानी एलपीजी की तस्करी की जा रही थी। अमेरिकी विदेश और वित्त मंत्रालय के जारी बयानों के मुताबिक ईरान इसे ओमान जैसे तीसरे देशों का बताकर बेच रहा था। इस पूरे खेल को छिपाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और चीन में सक्रिय मुखौटा कंपनियों के साथ-साथ ईरान के जहाजों के लिए छद्म बेड़े का इस्तेमाल किया जा रहा था। ये जहाज अपनी पहचान और ईंधन के ईरानी मूल को छिपाकर परिवहन कर रहे थे।




**भोपाल। कोलार जल आपूर्ति की मरम्मत पूरी न हो पाने के कारण आपूर्ति बाधित होने से पानी भरने के लिए कतार में खड़े लोग।**

### 'ऑपरेशन तूफान' के तहत दो प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट के सरगना अरेस्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने मादक पदार्थों की श्रृंखलाओं को नष्ट करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राज्यव्यापी नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान 'ऑपरेशन तूफान-द नार्को हंट' के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क से जुड़े दो प्रमुख सरगनाओं को गिरफ्तार किया है। गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने बताया कि नाइजीरियाई नागरिक सैमुअल क्लिफसन ओकफोर को दिल्ली में पंडालम में दर्ज एक मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया, जबकि पेरिनद, पथानामथिट्टा में दर्ज एक मामले में वांछित विदेशी नागरिक एल्सीना संतन सुसान को बेंगलुरु में पकड़ा गया।

# जंग के बावजूद ईरानी फुटबॉल टीम को अमेरिकी वीजा मिला

■ सपोर्ट स्टाफ को अब तक इजाजत नहीं, ईरान बोला: यह भेदभाव

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग के बावजूद ईरानी फुटबाल टीम के खिलाड़ियों को अमेरिका का वीजा मिल गया है। हालांकि टीम के कई सपोर्ट स्टाफ और अधिकारियों को अब तक अमेरिकी वीजा नहीं मिला है।

इस पर ईरान ने अमेरिका पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, फुटबाल महासंघ के महासचिव हेदायत मोम्बेनी, उपाध्यक्ष मेहदी मोहम्मद नबी समेत 14 अधिकारी और सहयोगी स्टाफ अभी भी वीजा का इंतजार कर रहे हैं। महासंघ का कहना है कि इससे टीम को बराबरी का मौका नहीं मिल रहा है और वह इस मामले को फीफा के सामने उठाएगा। वहीं, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सभी खिलाड़ियों, कोच, ट्रेनर और कुछ सपोर्ट स्टाफ को वीजा जारी कर दिया गया है, लेकिन कुछ आवेदनों को मंजूरी नहीं दी गई। ईरानी टीम फिलहाल तुर्किये के अंताल्या में अभ्यास कर रही है और वहां से मेक्सिको रवाना होगी। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होगा। पहली बार यह टूर्नामेंट तीन देशों की मेजबानी में खेला जाएगा। इसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी।



# ईरान के पास समझौते के अलावा विकल्प नहीं: ट्रम्प

## अप्रैल में हुआ युद्धविराम अभी तक किसी तरह कायम है, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है, क्योंकि ईरानी नेतृत्व 'मजबूत' और 'स्वाभिमानी' है, लेकिन अंतत: उसके पास समझौते के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ट्रम्प ने एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि वे मजबूत हैं, वे गर्व से भरे हुए हैं।

कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, लेकिन अब उन्हें करना पड़ेगा। उनके पास कोई विकल्प नहीं है, हालांकि इसमें थोड़ा समय लगेगा। ट्रम्प की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए चल रही वार्ता चौथे महीने में प्रवेश कर चुकी है। अप्रैल में हुआ युद्धविराम अभी तक किसी तरह कायम है, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है। हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास दोनों पक्षों द्वारा की गई सैन्य कार्रवाइयों के कारण तनाव फिर बढ़ गया है, जिससे युद्धविराम पर भी खतरा मंडराने लगा है।अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को कांग्रेस के सदस्यों से कहा कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम से संचालित सैन्य अभियान समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह की गई अमेरिकी सैन्य कार्रवाई पूरी तरह रक्षात्मक थी और यह होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट जहाजों पर ईरानी हमलों के जवाब में की गई। रुबियो ने कहा कि अपनी सेनाओं की सुरक्षा के लिए हम केवल ड्रोन को नहीं, बल्कि उन्हें लॉन्च करने वालों को भी निशाना बनाते हैं। यदि वे जहाजों पर हमला नहीं करेंगे तो हम भी कार्रवाई नहीं करेंगे, लेकिन जवाब देना हमारी मजबूरी है। ट्रम्प और उनकी रिपब्लिकन सरकार लगातार यह दावा करती रही है कि इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई उसके परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को रोकने के लिए आवश्यक थी।




■ कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, लेकिन अब उन्हें करना पड़ेगा: ट्रम्प

### दर्शकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पेड्डी में बदलाव करेंगे निर्देशक बुची बाबू सना

**मुंबई।** फिल्म पेड्डी को लेकर उठी आपत्तियों के बीच निर्देशक बुची बाबू सना ने दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का सम्मान करते हुए फिल्म के कुछ दृश्यों में बदलाव करने की घोषणा की है। बुची बाबू सना ने जारी बयान में कहा कि फिल्म के कुछ हिस्सों को लेकर सामने आई चिंताओं को गंभीरता से लिया गया है और उनकी समीक्षा के बाद आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक फिल्ममेकर के रूप में उनका मानना है कि सिनेमा का उद्देश्य लोगों का मनोरंजन करना, उन्हें प्रेरित करना और उनसे जुड़ाव बनाना है। किसी को असहज महसूस कराना या उसका अपमान करना कभी भी उनका उद्देश्य नहीं रहा है।उन्होंने कहा कि वह हमेशा महिलाओं का सम्मान करते आए हैं, चाहे वह पर्दे पर हों या वास्तविक जीवन में। उनका कहना है कि फिल्म में किसी महिला किरदार को गलत तरीके से प्रस्तुत करने या उसका अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि यदि फिल्म का कोई हिस्सा दर्शकों को ऐसा महसूस कराता है, तो वह उनकी भावनाओं का सम्मान करते हैं और इसके लिए दिल से माफी मांगते हैं।

# AI के सबसे अच्छे 5 कोर्स

# नहीं होगी नौकरी की दिक्कत और मिलेगी बंपर सैलरी



**नई दिल्ली।** शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बिजनेस और आईटी सहित लगभग हर क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। एआई के कुछ कोर्स आपको अच्छी सैलरी वाली नौकरी दिलाने और करियर में शानदार तरक्की करने में मदद कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई आज के दौर की सबसे तेजी से उभरती टेक्नोलॉजी में से एक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बिजनेस और आईटी जैसे लगभग हर सेक्टर में एआई का इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसलिए ही कंपनियां एआई और डेटा साइंस प्रोफेशनल्स तलाश रही हैं। अगर आपने 12वीं पास कर ली है और आगे चलकर अच्छी नौकरी के साथ बंपर सैलरी चाहते हैं, तो एआई से जुड़े कोर्स आपके लिए बेहतरीन ऑपशन साबित हो सकते हैं। जानें ऐसे 5 प्रमुख कोर्स, जिनकी मांग आने वाले सालों में और बढ़ने की उम्मीद है।

**एआई में डिप्लोमा**

एआई में डिप्लोमा एक शॉर्ट-टर्म कोर्स है, जिसमें छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेसिक और एडवांस कॉन्सेप्ट्स सिखाएं जाते हैं। इसमें Python प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डेटा प्रोसेसिंग और अलग-अलग एआई टूल्स की ट्रेनिंग दी जाती है। यह कोर्स आमतौर पर 6 महीने से 2 साल तक का होता है। इसकी फीस लगभग 50 हजार से 3 लाख रुपये तक हो सकती है। यह डिप्लोमा ML इंजीनियर और एआई आर्किटेक्ट जैसी हाई-पेइंग रोल्स के लिए बेस्ट है।

**एआई और डेटा साइंस में बीटेक**

एआई और डेटा साइंस से B.Tech भी अच्छा करियर ऑप्शन है। इस चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री में डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा और प्रोग्रामिंग लैंग्वेज जैसे Python C++ और R की पढ़ाई जाती है। इस कोर्स की फीस संस्थान के अनुसार 4 लाख से 20 लाख रुपये तक हो सकती है। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों के लिए टेक कंपनियों में हाई सैलरी के साथ बेहतर करियर अवसर उपलब्ध होते हैं।

**एआई से BCA**

जो छात्र कॉमर्स, आट्र्स या किसी भी दूसरी स्ट्रीम से 12वीं पास कर चुके हैं, उनके लिए AI से BCA एक अच्छा ऑप्शन है। इस कोर्स में कंप्यूटर एप्लीकेशन के साथ AI और मशीन लर्निंग की पढ़ाई कराई जाती है। इसमें प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, एल्गोरिदम और डीप लर्निंग जैसे सब्जेक्ट्स शामिल होते हैं। इसकी फीस लगभग 50 हजार से 3 लाख रुपये सालाना तक हो सकती है। इस कोर्स के बाद अब प्रोग्रामर या डेटा एनालिस्ट सहित दूसरे रोल्स पर काम करते हुए अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं।

**एआई और डेटा साइंस से B.Sc**

यह 3-ईयर डिग्री कोर्स मशीन लर्निंग और डेटा साइंस पर फोकस करता है। इसमें छात्रों को डेटा माइनिंग, स्टैटिस्टिक्स, डेटा विजुअलाइजेशन और एनालिटिक्स जैसे सब्जेक्ट्स पढ़ाए जाते हैं। इस कोर्स की फीस 30 हजार से 3 लाख रुपये सालाना तक हो सकती है। डेटा साइंस और रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा ऑप्शन माना जाता है। यह कोर्स ML इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट और AI आर्किटेक्ट जैसे हाई-पेइंग रोल्स दिलाने में मदद कर सकता है।

> **एआई और डेटा साइंस से B.Tech भी अच्छा करियर ऑप्शन है। इस चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री में डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा और प्रोग्रामिंग लैंग्वेज जैसे Python C++ और R की पढ़ाई जाती है। इस कोर्स की फीस संस्थान के अनुसार चार लाख से 20 लाख रुपये तक हो सकती है। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों के लिए टेक कंपनियों में हाई सैलरी के साथ बेहतर करियर अवसर उपलब्ध होते हैं। जो छात्र कॉमर्स, आट्र्स या किसी भी दूसरी स्ट्रीम से 12वीं पास कर चुके हैं, उनके लिए AI से BCA एक अच्छा ऑप्शन है।**




# JEE एडवांस के बिना मिलेगा IIT दिल्ली में एडमिशन, शुरू हुआ AI कोर्स

**नई दिल्ली।** IIT दिल्ली के लिए AI पद Healthcare प्रोग्राम के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। क्लासेज शनिवार और रविवार को चलाई जाएंगी। IIT Delhi AI Course: आईआईटी दिल्ली IIT Delhi से करना चाहते हैं पढ़ाई तो आपके लिए सुनहरा मौका है। IIT Delhi us Continuing Education Programme CEP Executive Programme for AI in Healthcare का दूसरा बैच लॉन्च कर दिया है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। कैंडिडेट्स 30 जुलाई 2026 से पहले अप्लाई कर लें। संस्थान ने खुद इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी है

**IIT Delhi ने शेयर की जानकारी**

IIT क्मसीप ने X पर किए एक पोस्ट में शेयर किया है कि संस्थान ने AI पद Healthcare प्रोग्राम के दूसरे ब्रांच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही संस्थान ने इस प्रोग्राम से जुड़ी सभी जानकारी शेयर की है।

**क्या है यह प्रोग्राम**

IIT Delhi के इस एक्जीक्यूटिव लेवल प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को हेल्थकेयर इंडस्ट्री में AI के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी।

डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और मेडिकल टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस प्रोग्राम का उद्देश्य प्रोफेशनल्स को हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी के कॉम्बिनेशन में एक्सपर्ट बनाना है, ताकि वे फ्यूचर की डिजिटल हेल्थ सर्विसेज में बेहतर योगदान दे सकें।

## अप्लाई करने के लिए जरूरी डिटेल

**प्रोग्राम:** Executive Programme for AI in Healthcare Batch
**संस्थान:** IIT Delhi
**आवेदन प्रक्रिया:** ऑनलाइन
**लास्ट डेट:** 30 जुलाई 2026
**Class Schedule**- शनिवार: शाम 6:00 बजे से 7:30 बजे तक, रविवार- सुबह 11:00 बजे से 12:30 बजे तक

## कौन कर सकता है अप्लाई

कोई भी ग्रेजुएट प्रोफेशनल आवेदन कर सकता है
उम्मीदवार इंडस्ट्री या एकेडमिक सेक्टर से जुड़ा होना चाहिए

**आवेदन कैसे करें**

IIT Delhi के इस प्रोग्राम के ceppay.iitd.ac.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। सबसे पहले आपको नाम, फोन नंबर और ईमेल डालकर लॉगिन करना होगा। इसके बाद फॉर्म भरें। आईआईटी दिल्ली का यह प्रोग्राम उन प्रोफेशनल्स के लिए एक बेहतरीन अवसर है जो AI और हेल्थकेयर के फील्ड में अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। यह कोर्स फ्यूचर की टेक्नोलॉजी आधारित हेल्थ सिस्टम के लिए एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

# यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून से

> **उम्मीदवारों के लिए राहत की बात यह है कि इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई है। यानी अगर कोई जवाब गलत हो जाता है तो उसके लिए नंबर नहीं काटे जाएंगे। हालांकि उम्मीदवारों को जवाब सोच-समझकर ही भरने चाहिए।**

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में नौकरी पाने का सपना देख रहे लाखों युवाओं के लिए बड़ी खबर है। यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून से शुरू होने जा रही है। लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवार अब अंतिम दौर में पहुंच चुके हैं। ऐसे समय में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि परीक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी होना भी बहुत जरूरी है। हर साल कई अभ्यर्थी देर से पहुंचने, जरूरी दस्तावेज साथ न रखने या नियमों की जानकारी न होने की वजह से परेशानी में पड़ जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं तो एग्जाम वाले दिन किसी तरह की दिक्कत से बचने के लिए भर्ती बोर्ड की ओर से जारी सभी जरूरी नियम पहले से जान लें।

**8 से 10 जून तक होगी परीक्षा**

यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून, 9 जून और 10 जून को कराई जाएगी। परीक्षा के लिए राज्यभर में कई केंद्र बनाए गए हैं। बड़ी संख्या में उम्मीदवार इसमें शामिल होने वाले हैं।

**दो शिफ्ट में होगा एग्जाम**

परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। उम्मीदवारों को अपनी शिफ्ट का समय एडमिट कार्ड में देख लेना चाहिए।

**समय से पहले पहुंचना जरूरी**

भर्ती बोर्ड ने साफ कहा है कि तय समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। सुबह की शिफ्ट वाले उम्मीदवारों को सुबह 8 बजे से 9:30 बजे के बीच केंद्र पहुंचना होगा। वहीं दूसरी शिफ्ट वालों को दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे के बीच रिपोर्ट करना होगा। इसलिए आखिरी समय तक इंतजार करने की गलती न करें।

**एडमिट कार्ड और पहचान पत्र जरूर रखें**

परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड जरूरी है। इसके साथ आधार कार्ड या कोई दूसरा सरकारी पहचान पत्र भी रखना होगा। बिना पहचान पत्र के उम्मीदवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**सेंटर बदलने की सुविधा नहीं**

कई उम्मीदवारों का परीक्षा केंद्र उनके शहर से दूर आया है, लेकिन भर्ती बोर्ड ने साफ कर दिया है कि एक बार सेंटर तय होने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को उसी केंद्र पर परीक्षा देनी होगी जो उनके एडमिट कार्ड में लिखा है।

**यह सामान बिल्कुल न ले जाएं**

मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, नोट्स, कागज या किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक सामान परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी सभी उम्मीदवारों की बायोमेट्रिक जांच भी की जाएगी।

**गलत जवाब पर नहीं कटेंगे नंबर**

उम्मीदवारों के लिए राहत की बात यह है कि इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई है। यानी अगर कोई जवाब गलत हो जाता है तो उसके लिए नंबर नहीं काटे जाएंगे। हालांकि उम्मीदवारों को जवाब सोच-समझकर ही भरने चाहिए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



**OMR शीट पर भरने होंगे जवाब**

यह परीक्षा कंप्यूटर पर नहीं होगी। उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट दी जाएगी। सभी जवाब ओएमआर शीट पर भरने होंगे। इसके लिए काला या नीला बॉल पेन साथ रखना जरूरी है। प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में मिलेगा।